Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25 www.dainikvishwapariwar.com रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 349 ● वर्ष : 13 ● रायपुर, शुक्रवार 26 जून 2026 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



परिश्रम के द्वारा मंजिल तब प्राप्त होती है, जब अपना ध्यान मजबूत होता है।

Hand work begets us the destination only when we have determined meditation.


आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## वेनेजुएला में 39 सेकेंड में भूकंप के 2 बड़े झटके

### 60 सेकेंड तक शहर हिलता रहा, अब तक 164 की मौत, 971 घायल

**कराकस।** वेनेजुएला में 39 सेकेंड में दो ताकतवर भूकंप से तबाही मच गई है। दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में बुधवार शाम 6.04 बजे 7.2 और 6.05 बजे 7.5 तीव्रता के दो झटके आए। उस समय भारत में गुरुवार तड़के 3.34 और 3.35 बजे थे। लोगों ने बताया कि भूकंप के बाद 60 सेकेंड तक शहर हिलता रहा। 20 ऑफ्टरशॉक भी दर्ज किए गए हैं। न्यूज एजेंसी के मुताबिक अब तक 164 मौतों की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 971 घायल हैं। ये भूकंप ऐसे दिन आए, जब पूरे देश में राष्ट्रीय अवकाश था। 1821 में स्पेन के खिलाफ आजादी की लड़ाई की ऐतिहासिक जीत की सालगिरह पर स्कूल और दफ्तर बंद थे। इसी वजह से ज्यादातर लोग अपने घरों में मौजूद थे।

अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, भूकंप से 10 हजार से ज्यादा लोगों के मारे जाने की 44 प्रतिशत आशंका है।





## 3 दिवसीय दौरे पर सेशेल्स जाएंगे मोदी, राष्ट्रीय दिवस की स्वर्ण जयंती कार्यक्रम में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** सेशेल्स के राष्ट्रीय दिवस के स्वर्ण जयंती समारोह शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 से 29 जून तक सेशेल्स की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। यह यात्रा भारत और सेशेल्स के बीच मजबूत दोस्ती, समुद्री सहयोग और आपसी साझेदारी को नई मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। विदेश मंत्रालय के अनुसार पीएम मोदी की सेशेल्स की यह राजकीय यात्रा राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के निमंत्रण पर हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी इससे पहले वर्ष 2015 में सेशेल्स गए थे। इस बार सेशेल्स अपने राष्ट्रीय दिवस की स्वर्ण जयंती 50वीं वर्षगांठ मना रहा है, जिसमें पीएम मोदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समारोह में भारतीय रक्षा बलों का एक दल और भारतीय नौसेना के दो युद्धपोत भी हिस्सा लेंगे।



यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति हर्मिनी के साथ बैठक करेंगे। दोनों नेता भारत और सेशेल्स के बीच सहयोग के सभी क्षेत्रों की समीक्षा करेंगे और क्षेत्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर अपने विचार साझा करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी सेशेल्स की नेशनल असेंबली को भी संबोधित करेंगे और वहां रहने वाले भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात करेंगे। भारत और सेशेल्स के बीच लंबे समय से मजबूत और दोस्ताना संबंध रहे हैं। ये संबंध साझा इतिहास, संस्कृति और लोगों के आपसी जुड़ाव पर आधारित हैं। हिंद महासागर क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण समुद्री पड़ोसी होने के नाते सेशेल्स भारत की 'महासागर' (म्यूचुअल एंड होलिस्टिक एडवांसमेंट फॉर सिक्योरिटी एंड ग्रोथ अक्रॉस रीजंस) की सोच और ग्लोबल साउथ के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में खास महत्व रखता है। यह यात्रा भारत और सेशेल्स के बीच गहरी और मजबूत दोस्ती को और मजबूत करेगी।

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मिले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

**नईदिल्ली।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री श्री जेपी नड्डा से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान जनस्वास्थ्य, चिकित्सा अधोसंरचना, औषधि एवं उर्वरक क्षेत्र सहित विभिन्न विभागीय और समसामयिक विषयों पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री श्री साय ने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। विशेष रूप से दूरस्थ, ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और अन्य चिकित्सा संस्थानों को मजबूत बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के नागरिकों को बेहतर उपचार और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं अपने ही राज्य में उपलब्ध हों।



## बद्रीनारायण मीणा बने बस्तर रेंज के नए पुलिस महानिरीक्षक

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी बद्रीनारायण मीणा को बस्तर रेंज का नया पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) नियुक्त किया है। उनकी नई पदस्थापना के आदेश जारी कर दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार, बद्रीनारायण मीणा अब बस्तर रेंज में अपनी जिम्मेदारियां निभाएंगे। इससे पहले वे पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर में पुलिस महानिरीक्षक के पद पर कार्यरत थे। उनकी नियुक्ति को बस्तर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे पहले आईपीएस बद्रीनारायण मीणा दुर्ग रेंज के आईजी और एसएसपी की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। 2004 बैच के इस आईपीएस अधिकारी ने बिलासपुर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एडिशनल एसपी) के रूप में भी सेवाएं दी हैं। इससे पहले सुंदरराज पी बस्तर रेंज में आईजी के पद पर तैनात थे। वे करीब पांच साल तक बस्तर में आईजी रहे।



## प्रधानमंत्री मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय बताया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को 1975 में लगाए गए आपातकाल का विरोध करने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की। दोनों नेताओं ने इसे भारतीय लोकतंत्र के इतिहास के सबसे अंधकारमय अध्यायों में से एक बताते हुए भारतीय संविधान पर सीधा हमला करार दिया।

सोशल मीडिया मंच एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज हम उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिन्होंने भारत के इतिहास के सबसे अंधकारमय दौरों में से एक, आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों की दृढ़ता से रक्षा की। उन्होंने कहा कि आपातकाल भारतीय संविधान पर सीधा हमला था। इस दौरान नागरिक स्वतंत्रताओं को निलंबित किया गया, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया गया और राजनीतिक नेताओं, पत्रकारों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। साथ ही लोकतंत्र की आधारशिला माने जाने वाले संस्थानों पर भी आघात किया गया।



## केसी वेणुगोपाल और सचिन पायलट प्रशिक्षण शिविर में हुए शामिल



- कांग्रेस के जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण का 6वां दिन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** कांग्रेस के जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर के 6वें दिन कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव संगठन के.सी. वेणुगोपाल ने जिला अध्यक्षों को पार्टी की रीति-नीति और संगठन की मजबूती के गुर सिखाया। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन के माध्यम से कांग्रेस पार्टी ने निचले स्तर के मजबूत लोगों को जिला अध्यक्ष के रूप में अवसर दिया है। आपको मिल अवसर का उपयोग संगठन की मजबूती के लिए करना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी, लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी देश के लोकतंत्र की लड़ाई लड़ रहे। छात्रों, किसानों, मजदूरों, अनुसूचित जाति, जनजाति, सर्वहारा वर्ग की आवाज राहुल गांधी बने है। हमें राहुल जी की वंचितो की लड़ाई आगे तक ले जाना है। अनुशासन संगठन की सर्वोपरि है, सभी को अनुशासन के साथ संगठन को मजबूत करना है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भी जिला अध्यक्षों के ट्रेनिंग में व्याख्यान दिया।

**अयोध्या राम मंदिर चंदा चोरी मामला**

## 8 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज, ट्रस्ट ने नामजद किए मुख्य आरोपी

**लखनऊ।** अयोध्या के प्रसिद्ध राम मंदिर में चढ़ावे और दान के पैसों में हेरफेर के आरोपों में एक बड़ी कानूनी कार्रवाई हुई है। विशेष जांच दल (एसआईटी) की शुरुआती जांच रिपोर्ट की सिफारिश पर पुलिस ने 8 नामजद आरोपियों समेत कई अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। यह कदम उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित एसआईटी की प्राथमिक रिपोर्ट आने के बाद उठाया गया है, जिसमें आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मजबूत सिफारिश की गई थी। यह एफआईआर 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट' की शिकायत के आधार पर गुरुवार को अयोध्या के राम जन्मभूमि कोतवाली थाने में दर्ज की गई। ट्रस्ट के सदस्य श्री कृष्ण मोहन ने इस मामले में पुलिस को लिखित शिकायत सौंपी थी।



एफआईआर में 8 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। इसके अलावा कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। इन सभी पर राम मंदिर में आने वाले दान की चोरी करने और पैसों का गबन करने के गंभीर आरोप हैं। पुलिस ने इन आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की कई गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। एफआईआर में बीएनएस की धारा को शामिल किया गया है। इन धाराओं के तहत आरोपियों पर मुख्य रूप से आपराधिक विश्वासघात (क्रिमिनल ब्रीच ऑफ ट्रस्ट), धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश रचने के आरोप लगाए गए हैं।

## अंत्योदय अन्न योजना: अब मिलेगा प्रति व्यक्ति 7 किलो अनाज

- केन्द्र सरकार ने लाई नया प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार अंत्योदय अन्न योजना के तहत राशन वितरण के नियमों में बड़ा बदलाव करने की तैयारी में है. नए प्रस्ताव के तहत अब इसे प्रति व्यक्ति 7 किलो के हिसाब से दिया जाएगा. सरकार का कहना है कि इससे बड़े गरीब परिवारों को ज्यादा लाभ मिलेगा. इसका मुख्य उद्देश्य वितरण प्रणाली में मौजूद असमानताओं को दूर कर बड़े और गरीब परिवारों को राहत देना है. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (संशोधन) विधेयक 2026 पर 13 जुलाई तक सुझाव मांगे गए हैं. वर्तमान में अंत्योदय अन्न योजना के तहत प्रत्येक पात्र परिवार को प्रति माह निश्चित रूप से 35 किलो राशन (अनाज) मिलता है, चाहे उस परिवार में सदस्यों की संख्या कितनी भी हो. केंद्र सरकार के नए प्रस्ताव से अंत्योदय अन्न योजना के तहत मिलने वाले 35 किलो अनाज वितरण के तरीके में बदलाव हो सकता है. इसके लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून में बदलाव से जुड़े एक प्रस्ताव का ड्राफ्ट तैयार किया गया है. खाद्य व सार्वजनिक वितरण विभाग ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 में संशोधन का प्रस्ताव रखा है.मौजूदा कानून के तहत पात्र परिवारों को हर महीने 35 किलोग्राम अनाज दिया जाता है. इसमें परिवार में कितने सदस्य हैं, इससे कोई फ़र्क नहीं पड़ता है. मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अंत्योदय अन्न योजना के तहत मौजूदा परिवार-आधारित हक का मकसद सबसे कमज़ोर परिवारों की सुरक्षा करना था, लेकिन परिवार के आकार के आधार पर इससे काफ़ी असमानता पैदा होती है.



नए नियमों के मुताबिक पात्र परिवारों को हर महीने अब परिवार कि जगह प्रति व्यक्ति के आधार पर देने की योजना है. पर ध्यान देने वाली यह बात है कि अगर आपके परिवार में 5 से ज्यादा मेम्बर है तो फ़िर भी आपको 35 किलो ही मिलेगा.

दूसरी तरफ अगर आपके परिवार में 5 से कम मेम्बर अर्थात 3 है तो इस दिशा में नए नियमों के मुताबिक सरकार आपको 21 किलो ही किलोग्राम अनाज देगी.

इस प्रस्ताव को अभी सरकार कि ओर से अंतिम मंजूरी नहीं मिली है. फ़िलहाल इसके ड्राफ्ट पर आम लोगों, एक्सपर्ट्स और इससे जुड़े अन्य लोगों की राय ली जा रही है. खाद्य मंत्रालय ने 'राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (संशोधन) विधेयक, 2026' पर 13 जुलाई तक जनता से राय मांगी है



# शहीद स्मारक स्कूल फाफाडीह पहुंचे विधायक पुरंदर मिश्रा, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**शहीद स्मारक विद्यालय पहुंचे विधायक पुरंदर मिश्रा, शिक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, विकास का दिया भरोसा**

**विद्यालय की चौखट पर पहुंचे विधायक पुरंदर मिश्रा, प्राचार्य से चर्चा कर जानी व्यवस्थाओं की हकीकत**



रायपुर (विश्व परिवार)। राजधानी रायपुर के फाफाडीह स्थित शहीद स्मारक विद्यालय में आज रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा निरीक्षण हेतु पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर का भ्रमण कर वहां की शैक्षणिक एवं मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा विद्यालय परिवार से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की।

भ्रमण के दौरान विधायक पुरंदर मिश्रा ने विद्यालय के प्राचार्य रमाकांत झा से सौजन्य मुलाकात कर विद्यालय की वर्तमान स्थिति, विद्यार्थियों की संख्या, शैक्षणिक गतिविधियों एवं आवश्यक संसाधनों के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने विद्यालय के संचालन, विद्यार्थियों की सुविधाओं तथा भविष्य की आवश्यकताओं को लेकर जानकारी लेते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

विधायक श्री मिश्रा ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। यहां से निकलने वाले विद्यार्थी ही भविष्य में समाज और देश का नेतृत्व करेंगे। इसलिए विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ बेहतर अधोसंरचना और सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है।

उन्होंने विद्यालय परिसर का निरीक्षण करते हुए विभिन्न कक्षाओं, शिक्षण व्यवस्थाओं तथा परिसर की साफ-सफाई का भी अवलोकन किया। इस दौरान शिक्षकों एवं विद्यालय स्टाफ ने विधायक श्री मिश्रा का स्वागत करते हुए विद्यालय की आवश्यकताओं से उन्हें अवगत कराया।

श्री मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ विद्यालयों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि विद्यालय से संबंधित आवश्यक मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए उचित स्तर पर पहल की जाएगी।

विद्यालय परिवार ने विधायक पुरंदर मिश्रा के इस आत्मीय एवं संवेदनशील दौरे की सराहना करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों का इस प्रकार विद्यालयों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का अवलोकन करना शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस अवसर पर संजय जोशी , विद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विधायक पुरंदर मिश्रा ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें मन लगाकर अध्ययन करने तथा जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया।

## सोमेश तारवानी सीएफए लेवल –II में उत्तीर्ण हुए



रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के वाईस चेयरमेन सीए चेतन तारवानी के सुपुत्र सोमेश तारवानी ने सीएफए (Chartered Financial Analyst) परीक्षा के Level-II में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।CFA का पूरा नाम Chartered Financial Analyst होता है, जो वैश्विक स्तर पर वित्तीय विश्लेषण एवं निवेश प्रबंधन के क्षेत्र में अत्यंत प्रतिष्ठित प्रोफेशनल योग्यता मानी जाती है। यह प्रमाणन प्रदान किया जाता है CFA Institute USA द्वारा, जो वित्तीय शिक्षा एवं निवेश प्रबंधन के क्षेत्र में विश्व की प्रमुख संस्था है।

# वित्तीय नियमों के नाम पर फ़इलों को अटकाना और आवश्यक कार्यों को रोकना कतई बर्दाश्त नहीं : महापौर



रायपुर (विश्व परिवार)। नगर पालिक निगम रायपुर में विकास कार्यों को गति देने और प्रशासनिक कार्यप्रणाली को चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने आडिटरो को बुलाकर स्पष्ट निर्देश दिए हैं । निगम में नव-नियुक्त ऑडिटर द्वारा भुगतानों और फाइलों के ऑडिट में की जा रही अत्यधिक देरी और लापरवाही को लेकर महापौर ने कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार करने के सख्त निर्देश दिए हैं ।

*बैठक में महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने सीधे शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि वित्तीय अनुशासन और नियमों के तहत ऑडिट करने पर किसी को कोई आपत्ति नहीं है। ऑडिटर नियमों की जांच 100 बार करें, यह उनका अधिकार है; लेकिन ऑडिट के नाम पर फाइलों को कई-कई दिनों तक दबाकर बैठना और नगर निगम के जरूरी कामों को रोकना पूरी तरह से अनुचित है।

महापौर ने अत्यंत नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि ऑडिटर के इस ढीले रवैये के कारण जहां एक ओर शहर के विकास कार्य करने वाले ठेकेदार भुगतानों के लिए परेशान हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर डीजल जैसे अत्यंत आवश्यक और आकस्मिक खर्चों की फाइलें भी चार-चार दिनों तक लंबित रखी जा रही हैं। यदि डीजल की आपूर्ति प्रभावित होती है, तो इसका सीधा असर शहर की सफाई, पानी और अन्य आवश्यक नागरिक सेवाओं पर पड़ेगा, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने नव-नियुक्त ऑडिटर को चेतावनी देते हुए निर्देश दिया है कि वर्तमान में लंबित सभी आवश्यक भुगतानों और डीजल से संबंधित फाइलों का निराकरण निश्चित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही भविष्य में आने वाली प्रत्येक फाइल के ऑडिट के लिए एक निश्चित और तार्किक समय-सीमा तय करने को कहा गया है,

# देश के लोकतंत्र पर भाजपा का अलोकतांत्रिक चरित्र ज्यादा खतरा : दीपक बैज



**रायपुर।** आपातकाल पर भाजपा द्वारा मनाया गया काला दिवस भाजपा की राजनैतिक दिवालियापन को दिखाता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 1975 में जो आपातकाल लगाया गया था, वह संविधान के आर्टिकल 252 के तहत लगाया गया था। उस समय देश में जो विपक्षी दल थे, तत्कालीन सरकार के खिलाफ षड्यंत्र कर रहे थे। आंतरिक संकट की स्थिति थी, तब महामहिम राष्ट्रपति ने आपातकाल का घोषणा किया था और एक समय के बाद आपातकाल समाप्त भी कर दिया गया, पूरी तरह से संवैधानिक प्रक्रिया थी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पिछले एक दशक से मोदी सरकार आने के बाद आज जो आपातकाल चल रहा वो देश के लिये ज्यादा घातक है। संवैधानिक संस्थाओं को बंधक बना लिया गया है, आज चुनाव आयोग निष्पक्ष नहीं रह गया है, न्यायपालिका के काम में हस्तक्षेप करने की कोशिश की जा रही है, मीडिया को दबाया जा रहा है, मीडिया के काम में हस्तक्षेप करने की कोशिश की जा रही है, विपक्षी दल के विधायकों और सांसदों को खरीदा जा रहा है, विपक्षी दल को समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। ईडी, आईटी, केंद्रीय संस्थाओं का दुरुपयोग करके राज्य सरकारो में दल बदल करवा करके राज्य सरकारों में कब्जा किया जा रहा है। यह देश के लिये ज्यादा घातक है। वोट चोरी मतदाताओं को अपने हिसाब से लिस्टिंग करना इसके कारण लोकतंत्र में ज्यादा बड़ा खतरा है। उस समय का आपातकाल संवैधानिक था। लेकिन जो आज आपातकाल है, वो असंवैधानिक और देश के लिये ज्यादा दुखदायी और परेशानी वाला है।

# मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायत पर कृषि विभाग की बड़ी कार्रवाई

**अधिक कीमत पर खाद बेचने वाले विक्रय केंद्र पर छापा, 3219 बोरी उर्वरक जब्त**



रायपुर (विश्व परिवार)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार किसानों को निर्धारित दर पर खाद-बीज उपलब्ध कराने और कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए राज्य सरकार लगातार सख्त कदम उठा रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 में प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सरगुजा जिले में कृषि विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। अंबिकापुर के नेहरूनगर (डीगमा) स्थित एक उर्वरक विक्रय केंद्र पर औचक निरीक्षण कर 3219 बोरी उर्वरक जब्त किए गए हैं तथा विक्रय केंद्र को सील कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक कृषक ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 में शिकायत दर्ज कराई थी कि नेहरूनगर (डीगमा) स्थित मेसर्स सरगुजा कृषि राय केंद्र द्वारा निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरकों का विक्रय किया जा रहा है। शिकायत प्राप्त होते ही कृषि विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच प्रारंभ की। जांच के दौरान शिकायतकर्ता किसान के बयान एवं ऑनलाइन भुगतान से संबंधित डिजिटल साक्ष्यों का परीक्षण किया गया। जांच में निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर उर्वरक विक्रय किए जाने की पुष्टि होने पर जिला स्तरीय टीम ने 25 जून को संबंधित प्रतिष्ठान पर औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान परिसर में उपलब्ध 3219 बोरी उर्वरक जब्त किए गए तथा संपूर्ण विक्रय केंद्र को सील कर दिया गया। कृषि विभाग की इस सख्त कार्रवाई से जिले के उर्वरक विक्रेताओं में स्पष्ट संदेश गया है कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। कार्रवाई के दौरान सहायक संचालक कृषि श्री कुंवर साय पैंकरा, उर्वरक निरीक्षक श्री जे. आलम, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री सीताराम भगत सहित कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

**आम-सूचना**

छत्तीसगढ गृह निर्माण मण्डल द्वारा वीर सावरकर नगर हीरापुर कालोनी, रायपुर में निर्मित **LIG - II** भवन योजना के अंतर्गत, दुकानों/ भूखण्डों/भवनों में से भूखण्ड/भवन क्रमांक **LIG - II / 212, श्री रविचन्द्र पिलैई पिता स्व. श्री रामस्वामी पिलैई** को भाड़ाक्रय/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा **दिनांक 05.09.2024** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया ।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु **दिनांक 16/05/2026** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन **श्रीमती भगवती राठौर पति- श्री राष्ट्रीय कुमार राठौर** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जायेंगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./32500/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 25-06-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 32500**
**वार्ड का नाम-30- शंकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- **30** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR331H00213** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VANDANA ALONI** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O G.V. ALONI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. PANKAJ MALHOTRA 2. SMT. MUKTA MALHOTRA** पिता/पति श्री/श्रीमती **1. S/O LATE SATPAL MALHOTRA 2. W/O PANKAJ MALHOTRA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीति सिंह**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं.- (3)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./31461/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2026
रायपुर दिनांक : 25-06-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 31461**
**वार्ड का नाम- 60 चंद्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **60** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652F01052** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **RAJENDRA DHIWAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O LATE. AMARU RAM DHIWAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. PRITI DEEP** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O ARVIND DEEP** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./32364/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 25-06-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 32364**
**वार्ड का नाम-47 - मदर टेरेसा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- **47** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR443D00187** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAJ KUMAR** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O LAXMAN DAS** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **DEEPAK BHARDWAJ** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O K C BHARDWAJ** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीति सिंह**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं.- (3)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./32365/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 25-06-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 32365**
**वार्ड का नाम-47 - मदर टेरेसा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- **47** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR443D0187A** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KAMAL KUMAR** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O LAXMAN DAS** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **DEEPAK BHARDWAJ** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O K C BHARDWAJ** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीति सिंह**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं.- (3)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील धरसीवा जिला- रायपुर (छ.ग.)**
**इश्तिहार**

**क्रमांक /अ-6/2026**
**धरसींवा दिनांक 12/06/2026**
**ग्राम देवरी प.ह.नं. 04 रा.नि.नं. रायपुर-15**
**तहसील धरसीवा जिला - रायपुर छ.ग.**

एतद द्वारा सर्वसाधारण है कि को सुचित किया जाता आवेदक **ओमप्रकाश गोयल पिता स्व. सत्यनारायण गोयल, निवासी ग्राम समता कॉलोनी, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग.** के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है की **ग्राम देवरी, प.ह.न.-04, राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-15 धरसींवा, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर (छ.ग.)** स्थित **भूमि खसरा नंबर 441/1 रकबा 1. 0640 हे.** भूमि को **भूमिस्वामी/दानकर्ता कविता गोयल पति ओमप्रकाश गोयल** के द्वारा पंजीकृत दान पत्र विलेख **दिनांक 04.06.2026** के माध्यम से आवेदक / दानग्रहिता **ओमप्रकाश गोयल पिता स्व. सत्यनारायण गोयल** के पक्ष में निष्पादित किया गया है। आवेदक के द्वारा उकत निष्पादित पंजीकृत दान पत्र विलेख के आधार पर आवेदित भूमि के राजस्व अभिलेख में अपना नाम बतौर भूमिस्वामी दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त आवेदक के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई **दिनांक 26/06/26** तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज **दिनांक 12/06/26** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर
**तहसीलदार**
**धरसींवा**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)**
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र./32532/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 23-06-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 32532**
**वार्ड का नाम- 08 - महात्मा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **वार्ड 08** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR226L0140A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **सुखनंदन सिन्हा** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **राजेन्द्र सिन्हा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. सुखनंदन सिन्हा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, सहमति** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./31495/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 19-06-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 31495**
**वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **54** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652I00454** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHASHI THAKUR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BHAGWAT SINGH THAKUR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **शाहीन अख्तर** पिता/पति, श्री/श्रीमती **सैय्यद शाकिर अली** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./31497/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 19-06-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 31497**
**वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **54** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652I0454A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **BHAGWAT SINGH THAKUR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PURAN SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **सैय्यद शाकिर अली** पिता/पति, श्री/श्रीमती **सैय्यद शौकत अली** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./32595/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 25-06-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 32595**
**वार्ड का नाम-14- रमण मंदिर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **14** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR220D0070B** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MAHESH KUMAR CHHUGANI , SANJAY KUMAR CHHUGANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MOHAN LAL CHHUGANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री महेश कुमार छुगानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **श्री मोहन लाल छुगानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /32534/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 24-06-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 32534**
**वार्ड का नाम- 19 - डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **19** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802A00803** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NANU RAM THAKARE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ROSHAN LAL THAKARE** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **JITENDRA SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHRI PREM NARAYAN SHARMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /32529/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 24-06-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 32529**
**वार्ड का नाम- 19 - डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **19** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802N0049A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SANTU BANJARE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MOTIYA BANJARE** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NITESH JOGI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHRI SUNDAR LAL JOGI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

**आम-सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **कॉलोनी वीरसावरकर नगर हीरापुर रायपुर** में निर्मित **MD** योजना में से **भवन/भूखण्ड क्रमांक MD - 9, श्रीमती शीमा शर्मा पति श्री बाबूजी शर्मा** स्वत्तिय/भाड़ाक्रय/एकमुश्त/आधार कपर आबंटित/नामांतरित किया गया है। उनके द्वारा दिनांक **08.01.2018** को लीजडीड, सेलडीड, विक्रय विलेख, पंजीकृत करा लिया गया है।

मूल आबंटी द्वारा उक्त भवन श्रीमती **शिवानी मिश्रा पति श्री पुलक मिश्रा** के पक्ष में **दिनांक 15/07/2024** को विक्रय कर दिया ।

तपरांत क्रेता द्वारा उक्त भवन / भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/भूखण्ड क्रेता **श्रीमती शिवानी मिश्रा पति श्री पुलक मिश्रा** नामांतरण किया जाना है। पुलक मिश्रम के नाम पर

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय / वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वत: उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

## संक्षिप्त समाचार

### स्टैंडर्ड इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी ने जीस्केल एनर्जी में बहुमत हिस्सेदारी हासिल की

**नई दिल्ली-** भारत की प्रमुख प्रिसिजन और मल्टी-डिसिप्लिनरी इंजीनियरिंग कंपनी, स्टैंडर्ड इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने जीस्केल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड में 51त्न इक्विटी हिस्सेदारी (बहुमत हिस्सेदारी) खरीदने की घोषणा की। यह भारत की एआई इंफ्रास्ट्रक्चर जर्नी और एक फुल-स्पेक्ट्रम इंजीनियरिंग प्लेटफॉर्म के तौर पर एसइटीएल के विकास में एक अहम मोड़ है। एक दशक से ज़्यादा समय से, एसइटीएल ने फ़ार्मा और केमिकल इंडस्ट्रीज़ के लिए ज़रूरी इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने में महारत हासिल की है — वे कूलिंग स्किड्स, हीट एक्सचेंजर्स, वैक्यूम सिस्टम, इलेक्ट्रिकल सिस्टम, ऑटोमेशन, एयर हैंडलिंग यूनिट्स, प्रोसेस डिस्ट्रीब्यूशन यूनिट्स, मॉड्यूलर प्रोसेस इक्विपमेंट और पूरे टर्नकी प्लांट्स उपलब्ध कराते हैं। हर फ़ार्मा फ़ैसिलिटी को सटीक इंजीनियरिंग वाले पावर मैनेजमेंट, थर्मल कंट्रोल, क्लीन यूटिलिटीज़ और फ़ेल-सेफ़ ऑटोमेशन की ज़रूरत होती है, और यही ज़रूरत हर मॉडर्न एआई डेटासेंटर की भी होती है। जहाँ एसइटीएल ने रिएक्टरों के लिए कूलिंग सिस्टम बनाए, वहीं जीस्केल जीपीयू क्लस्टर के लिए कूलिंग सिस्टम बनाती है। जहाँ एसइटीएल ने केमिकल प्लांट के लिए इलेक्ट्रिकल सिस्टम तैयार किए, वहीं जीस्केल हाइपरस्केल ढ्ढ फ़ैक्टरियों के लिए पावर इंफ्रास्ट्रक्चर देती है। जहाँ एसइटीएल ने इंटीग्रेटेड टर्नकी फ़ार्मा फ़ैसिलिटीज़ तैयार कीं, वहीं जीस्केल कॉन्सेप्ट से लेकर कमीशनिंग तक पूरे एआई डेटासेंटर बनाकर देती है। एसइटीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर, नागेश्वर राव कंडुला ने कहा, जिस इंजीनियरिंग तरीके से फार्मा प्लांट सुरक्षित और कुशल बनते हैं, उसी तरीके से डेटा सेंटर भी भरोसेमंद और शक्तिशाली बनते हैं। एसइटीएल और जीस्केल का इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन एक ही है — सही डिज़ाइन, सटीक निर्माण और बेहतरीन परफॉर्मेंस। हम साथ मिलकर सिर्फ़ डेटा सेंटर मार्केट में नहीं उतर रहे हैं, बल्कि हम भारत का सबसे सक्षम एआई इंफ्रास्ट्रक्चर इंजीनियरिंग प्लेटफ़ॉर्म बना रहे हैं। जीस्केल एनर्जी के फाउंडर और डायरेक्टर, मिस्टर कासु ब्रह्मा रेड्डी ने कहा, जीस्केल को गीगावाट स्केल पर इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए बनाया गया था। एसइटीएल की मैन्युफैक्चरिंग क्षमता, फाइनेंशियल मजबूती और काम करने के तरीके के साथ, अब हमारे पास ऐसी रफ़्तार और बड़े पैमाने पर वर्ल्ड-क्लास एआई डेटासेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए ज़रूरी हर चीज़ मौजूद है, जैसा भारत ने पहले कभी नहीं देखा। कुल इन्वेस्टमेंट प्रोग्राम को अलग-अलग चरणों में रू500 करोड़ के तौर पर तैयार किया गया है, जिसे पूरी तरह से ऑपरेटिंग कैश फ्लो से फंड किया जाएगा। पहले चरण में रू 190 करोड़ का निवेश किया जाएगा — जिसमें रू 125 करोड़ की प्राइमरी कैपिटल और रू 65 करोड़ का शेयर स्वैप शामिल है। जीस्केल का लक्ष्य FY2027 में अपने कामकाज के शुरुआती चार महीनों में ही रू 250 करोड़ का रेवेन्यू हासिल करना है, क्योंकि नवंबर 2026 से मैन्युफैक्चरिंग शुरू हो जाएगी। वहीं, एसइटीएल का मौजूदा कोर इंजीनियरिंग बिज़नेस एफ्वाई2027 में 40-50त्न रेवेन्यू ग्रोथ का लक्ष्य लेकर चल रहा है — जो पूरे प्लेटफ़ॉर्म की तेज़ी को दिखाता है।

### सुरक्षित रहें: रोज़मर्रा के लेन-देन में अपनाएं सुरक्षित भुगतान आदतें

**नई दिल्ली:** ग्राहकों के खरीदारी करने, खर्च करने और भुगतान करने का तरीका तेजी से बदल रहा है। आज डिजिटल लेन-देन केवल एक ही माध्यम या समय तक सीमित नहीं है - ग्राहक अब रिटेल और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर खरीदारी करने, यात्रा की बुकिंग करने, बिलों का भुगतान करने या रोज़मर्रा के खर्चों को संभालने के लिए लगातार डिजिटल लेन-देन कर रहे हैं। वहीं, बढ़ते डिजिटल उपयोग ने धोखाधड़ी करने वालों के लिए भी नए अवसर पैदा कर दिए हैं, जिसके चलते वे अधिक उन्नत तरीकों का इस्तेमाल करके अनजान उपयोगकर्ताओं को निशाना बना रहे हैं। आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट 2025-26 के अनुसार, कार्ड और इंटरनेट से होने वाली धोखाधड़ी के मामले देश में रिपोर्ट किए गए कुल धोखाधड़ी के मामलों में लगभग 74 प्रतिशत थे, ये वित्तीय धोखाधड़ी के सबसे ज्यादा सामने आने वाले तरीकों में से एक हैं। ऐसी घटनाओं से लोगों को पैसों का नुकसान, परेशानी और मानसिक तनाव जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इन घटनाओं की बढ़ती संख्या यह बताती है कि जागरूकता और सुरक्षित डिजिटल वित्तीय तरीकों को अपनाना बहुत जरूरी है। ग्राहक-केंद्रित वित्तीय संस्थाएं जैसे SBI कार्ड ग्राहकों की सुरक्षा और बेहतर अनुभव के लिए आधुनिक तकनीक, मजबूत सुरक्षा सुविधाओं, 24×7 लाइव चैट सहायता और पूरे इकोसिस्टम में ग्राहक जागरूकता बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही हैं। इसी के साथ, ग्राहकों के लिए भी जरूरी है कि वे सतर्क और सावधान रहें तथा समझदारी भरी आदतें अपनाएं, ताकि धोखाधड़ी की घटनाओं से बचा जा सके और उन्हें कम किया जा सके। इस पर टिप्पणी करते हुए SBI कार्ड की स्ब्ड और CEO सलिला पांडे ने कहा: डिजिटल भुगतान और क्रेडिट कार्ड उद्योग का भविष्य आखिरकार विश्वास पर ही निर्भर करेगा।

# 126 क्विंटल DAP खाद की बड़ी खेप पकड़ी गई, 8.78 लाख की संपत्ति जब्त

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** किसानों के हितों की सुरक्षा और कृषि सामग्री की कालाबाजारी पर लगाम कसने के लिए गरियाबंद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 126 क्विंटल DAP खाद की अवैध खेप जब्त की गई है। पुलिस ने खाद से भरे एक मेंटाडोर वाहन को पकड़कर कुल 8 लाख 78 हजार रुपये मूल्य की संपत्ति जब्त की है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना देवभोग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम तेतलखुटी क्षेत्र में एक मेंटाडोर आईसर वाहन क्रमांक CG 07 CK 3719 के जरिए बड़ी मात्रा में DAP खाद का अवैध परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर वाहन को रोककर जांच की।

जांच के दौरान वाहन से DAP खाद की 280 बोरियां बरामद हुईं। प्रत्येक बोरी में लगभग 45 किलोग्राम खाद भरी हुई थी। इस तरह कुल 12,600 किलोग्राम (126 क्विंटल) DAP खाद बरामद की गई, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 3 लाख 78 हजार रुपये बताई गई है।

वाहन चालक युधिष्ठिर दनता (42 वर्ष) निवासी ग्राम इंदागांव, थाना इंदागांव, जिला गरियाबंद से खाद परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन वह संतोषजनक दस्तावेज नहीं दिखा सका। प्रथम दृष्टया मामला अवैध परिवहन का पाए जाने पर पुलिस ने खाद के साथ वाहन को भी जब्त कर लिया।

पुलिस के अनुसार जब्त मेंटाडोर वाहन की अनुमानित कीमत 5 लाख रुपये है। खाद और वाहन सहित कुल 8 लाख 78 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की गई है।

मामले की सूचना कृषि विभाग को भेज दी गई है। खाद के स्रोत, गंतव्य और अवैध परिवहन में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है। जांच में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

गरियाबंद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि किसानों के हितों के संरक्षण तथा खाद, बीज एवं अन्य कृषि सामग्री की कालाबाजारी रोकने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। अवैध भंडारण, कालाबाजारी और अवैध परिवहन में संलिप्त लोगों के खिलाफ भविष्य में भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि खाद, बीज या अन्य कृषि सामग्री के अवैध भंडारण, कालाबाजारी अथवा अवैध परिवहन की जानकारी मिलने पर तत्काल निकटतम थाना या संबंधित विभाग को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

## आठ लाख की नाली अधूरी, बरसात में वार्ड नंबर 7 बना जलभराव का केंद्र



**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** नगर के वार्ड नंबर 7 में लगभग 8 लाख रुपये की लागत से किए जा रहे नाली निर्माण कार्य को अधूरा छोड़ दिए जाने से स्थानीय रहवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात की शुरुआत के साथ ही सड़क और गलियों में पानी जमा होने लगा है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

जानकारी के अनुसार, नाली निर्माण का कार्य कई दिनों पहले शुरू किया गया था, लेकिन अब तक इसे पूरा नहीं किया गया है। जगह-जगह खुदी हुई नालियां और निर्माण सामग्री पड़ी होने के कारण बारिश का पानी निकासी नहीं हो पा रहा है। परिणामस्वरूप सड़कों और गलियों में जलभराव की स्थिति बन गई है। कई घरों के सामने पानी जमा होने से लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

वार्डवासियों का कहना है कि बरसात के मौसम में गंदे पानी के जमाव से मच्छरों का प्रकोप बढ़ सकता है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से जल्द से जल्द नाली निर्माण कार्य पूरा कराने तथा जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

लोगों का कहना है कि यदि समय रहते निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया तो लगातार बारिश के दौरान हालात और अधिक गंभीर हो सकते हैं।

वहीं वार्ड की पार्षद पार्वती ध्रुव ने बताया कि नाली निर्माण कार्य के संबंध में उनसे न तो कोई चर्चा की गई और न ही उन्हें इसकी जानकारी दी गई है।

अब देखना यह होगा कि नगर पालिका प्रशासन वार्डवासियों की इस गंभीर समस्या पर कब तक संज्ञान लेकर राहत पहुंचाता है या फिर लोगों को पूरे बरसात भर जलभराव और परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

## लॉरिट्ज नुडसेन ने 50 गीगावॉट सोलर क्षमता को सक्षम बनाने का मुकाम हासिल किया, वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा बदलाव में अपनी भूमिका दोहराई

**मुंबई :** भारत के इलेक्ट्रिकल और ऑटोमेशन सेक्टर की अग्रणी कंपनियों में शामिल लॉरिट्ज नुडसेन इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन ने आज घोषणा की कि उसकी इलेक्ट्रिकल और डिजिटल टेक्नोलॉजीज़ ने भारत और दुनिया के अन्य बाज़ारों में 50 गीगावॉट से ज़्यादा सोलर क्षमता को संचालित करने में अहम भूमिका निभाई है।

यह उपलब्धि इस बात को साफ़तौर पर दिखाती है कि लॉरिट्ज नुडसेन का फोकस सिर्फ सोलर क्षमता बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि सोलर ऊर्जा को बड़े पैमाने पर लोगों तक पहुंचाने पर है। इसका फायदा फैक्ट्रियों, खेतों, घरों और उन कम्युनिटीज़ तक पहुंच रहा है, जहां अब तक पर्याप्त सुविधाएं (Underserved Communities) नहीं थीं। साथ ही यह देश के ऊर्जा बदलाव (Energy Transition) के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए ज़रूरी बड़े स्तर के लक्ष्य को साथ लेकर चल रहा है।

भारत की सोलर यात्रा अब सिर्फबड़े यूटिलिटी पार्कों तक सीमित नहीं रह गई है। अब इसका असर आखिरी छोर तक साफ़ दिखाई दे रहा है। पीएम-कुसुम (PM-KUSUM) योजना के तहत सिंचाई को बिजली मिल रही है, पीएम सूर्य घर (PM Surya Ghar) योजना के ज़रिए घरों तक सोलर ऊर्जा पहुंच रही है और पारंपरिक बिजली ग्रिड से दूर बसे इलाकों को भी भरोसेमंद बिजली उपलब्ध हो रही है। इस बदलाव की रफ्तार काफी तेज़ रही है। भारत लगातार अपनी सोलर क्षमता बढ़ा रहा है और अब देश की कुल स्थापित (Installed) नवीकरणीय ऊर्जा (Renewable Energy) क्षमता में सोलर की हिस्सेदारी लगभग 55 फीसदी हो गई है, जो 154 गीगावॉट से अधिक है। यह विस्तार दो समानांतर मोर्चों पर हो रहा है। पहला, बड़े यूटिलिटी प्रोजेक्ट्स, जो बिजली ग्रिड की क्षमता बढ़ाते हैं और जीवाश्म ईंधन (Fossil Fuels) पर निर्भरता कम करते हैं। दूसरा, छोटे और बिखरे हुए इंस्टॉलेशन (Distributed Deployments), जो सीधे आर्थिक और सामाजिक असर पैदा करते हैं।

लॉरिट्ज नुडसेन तीन प्रमुख क्षेत्रों में काम करती है—यूटिलिटी स्तर (Utility Scale) के पावर प्लांट, कमर्शियल एंड इंडस्ट्रीज़ (Commercial & Industries-C&I) और रेजिडेंशियल (Residential)। कंपनी एडवांस एसी सॉल्यूशंस, डीसी स्विचगियर, स्मार्ट मीटरिंग और क्लाउड आधारित रिमोट मॉनिटरिंग सॉल्यूशंस उपलब्ध कराती है।

## घर के कमरे में बैठे युवक पर आकाशीय बिजली गिरने से मौत, परिजनों में मातम

**जगदलपुर।** बड़ाजी थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगनपुर में बीती रात को अपने घर के कमरे में बैठे युवक के ऊपर अचानक से आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वही दूसरे कमरे में बैठा एक अन्य परिजन को भी बिजली का झटका लगा। बता दे कि बड़ाजी थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगनपुर निवासी बलराम नाग 22 वर्ष जो अपनी नानी नाना के साथ उन्ही के घर में रहता था। बलराम के माता पिता की बचपन मे ही मौत हो जाने के कारण उसे नाना नानी ने पाला। वही बलराम कुली मजदूरी का काम भी करता था। बीती रात बारिश होने के साथ ही आकाशीय बिजली चमक रही थी। इस दौरान घर के अंदर बैठे बलराम के ऊपर बिजली आ गिरी। इस घटना में बलराम की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका एक अन्य परिजन घायल हो गया। घटना के बाद मामले की जानकारी पुलिस को दिया गया। जहाँ से शव को पीएम के लिए मेकाज लाया गया। पीएम के बाद शव परिजनों को सौप दिया गया।

## स्वच्छ एवं स्वस्थ बस्तर अभियान के तहत 10 सप्ताह, 10 बजे, 10 मिनट विशेष जनस्वास्थ्य अभियान की शुरुआत

### डेंगू-मलेरिया सहित मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए जिलेभर में चलेगा जनभागीदारी अभियान

**जगदलपुर/** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने जिले में संचालित स्वच्छ एवं स्वस्थ बस्तर अभियान के अंतर्गत मौसमी एवं संक्रामक बीमारियों डेंगू, मलेरिया की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए विशेष जनस्वास्थ्य अभियान 10 सप्ताह, 10 बजे, 10 मिनट की शुरुआत की। कलेक्टर कार्यालय से अभियान का शुभारंभ करते हुए कार्यालय परिसर में स्थित कूलर की पानी को हटवाया और परिसर में खाली पड़े प्लास्टिक कूड़े की सामग्रियों में पानी को साफकराने की कार्यवाही की। उन्होंने जिले के सभी विभागों, शासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, स्वास्थ्य संस्थानों एवं अन्य शासकीय-अर्धशासकीय संस्थाओं में





जनभागीदारी से स्वच्छता एवं वेक्टर नियंत्रण गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए।

अभियान के तहत प्रत्येक गुरुवार सुबह 10 बजे से 10 सप्ताह तक 10 मिनट के लिए संबंधित संस्थानों के परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सोर्स रिडक्शन गतिविधियां की जाएंगी। इसके अंतर्गत जलभराव वाले स्थानों, कूलर, पानी की टंकियों, गमलों, पुराने टायरों एवं अन्य जल संग्रहण स्थलों की सफाई कर पानी की निकासी सुनिश्चित की जाएगी। मच्छरजनित रोगों की रोकथाम के लिए नालियों एवं जलभराव वाले क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार मिट्टी तेल, जला हुआ तेल अथवा अन्य स्वीकृत उपायों का उपयोग किया जाएगा। साथ ही जरूरत के अनुसार फॉगिंग एवं वेक्टर नियंत्रण गतिविधियों में सहयोग प्रदान किया जाएगा। अभियान के दौरान परिसर एवं आसपास स्वच्छता अभियान चलाकर कचरा, गंदगी एवं अनुपयोगी सामग्री का उचित निष्पादन किया जाएगा। इसके साथ ही कर्मचारियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को मौसमी बीमारियों से बचाव एवं रोकथाम के उपायों के संबंध में जागरूक किया जाएगा।

कलेक्टर ने कहा कि डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वच्छता और जनभागीदारी सबसे प्रभावी उपाय है। जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में यह गतिविधि आज से प्रारंभ कर दी गई है, जो प्रत्येक सप्ताह गुरुवार को नियमित रूप से आयोजित की जाएगी। इस दौरान कलेक्टर कार्यालय के सफाई अभियान में अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## भाजपा राज में उर्वरक घोटाला उजागर,कांग्रेस जांच समिति के दबाव में जागा कृषि विभाग- रेखचंद जैन

### अनन्या कृषि केंद्र के निजी गोदाम में हुई उर्वरक चोरी, प्रशासनिक नाकामी की बड़ी मिसाल

### खाद की कीमतों में 40त्न की बढ़ोतरी से किसान बेहाल, उड़ीसा से ब्लैक में खरीदने को मजबूर

### बड़ी-बड़ी डींगें हांकने वाली भाजपा सरकार किसानों को धान का ?4000 समर्थन मूल्य दे

**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** राजीव भवन जगदलपुर में ग्राम नानगुर में उर्वरक की चोरी को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता को सात सदस्यी जांच समिति, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी व शहर महामंत्री अभिषेक नायडू की उपस्थिति में पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने संबोधित करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा के राज में कृषि क्षेत्र पूरी तरह संकट में है और किसानों के साथ खुलेआम अन्याय हो रहा है, जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।

पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने उर्वरक घोटाले का भंडाफोड़ करते हुए बताया कि 'अनन्या कृषि केंद्र' के निजी गोदाम को कृषि विभाग द्वारा अनियमितताओं के चलते सील किया गया था। लेकिन घोर लापरवाही और प्रशासनिक नाकामी का परिचय देते हुए, पंचनामा बनाकर वह गोदाम उन्हीं आरोपियों के सुपुर्द कर दिया गया, और इसकी




भनक पुलिस विभाग तक को नहीं लगने दी गई।उन्होंने आंकड़ों के साथ खुलासा कर कहा कि:गोदाम में रखी 338 बोरी पोटाश का कोई वैध दस्तावेज नहीं था।1320 बोरी यूरिया को रिपा गोठान में रखा गया था, जो सीलबंद था।आरोपियों ने बेखौफहोकर इस सरकारी सील को तोड़ा और पूरी खाद को अवैध रूप से बाजार में बेच दिया।

श्री जैन ने कहा कि इस पूरे घोटाले को दबाने का प्रयास किया जा रहा था, लेकिन जैसे ही कांग्रेस ने मामले की जांच के लिए अपनी समिति गठित की, कृषि विभाग की नींद टूटी। कांग्रेस जांच समिति के दबाव में आकर विभाग ने आनन-फानन में जांच दल बनाया और एफ्आईआर (FIR) दर्ज कराई। मामले में दो लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) और आवश्यक वस्तु अधिनियम (Essential Commodities Act) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अनन्या कृषि केंद्र के संचालक का लाइसेंस निरस्त किया गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर विभाग अब तक किस दबाव में शांत बैठा था?

पत्रकार वार्ता में रेखचंद जैन ने किसानों की आर्थिक बदहाली का मुद्दा उठाते हुए कहा कि रासायनिक उर्वरकों की कीमतों में 40 प्रतिशत तक की भारी वृद्धि कर दी गई है। इससे किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है। स्थानीय स्तर पर खाद की भारी किल्लत के कारण किसानों की फसलों पर संकट मंडरा रहा है और वे पड़ोसी राज्य उड़ीसा से ब्लैक (कालेबाजार) में खाद खरीदने को मजबूर हैं।

पूर्व विधायक ने भाजपा सरकार को 'किसान विरोधी' बताते हुए कहा कि सरकार केवल कागजों और बयानों में बड़े-बड़े दावे कर रही है, जबकि जमीनी हकीकत इसके उलट है। आज प्रदेश का किसान कृषि संकट, पेट्रोल-डीजल की किल्लत और लगातार बढ़ती कीमतों व अभूतपूर्व महंगाई से त्रस्त है। भाजपा सरकार को इन बुनियादी मुद्दों पर जवाब देना चाहिए।

श्री जैन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मांग है कि बड़ी-बड़ी डींगें हांकने वाली भाजपा सरकार किसानों के जख्मों पर नमक छिड़कना बंद करे और तत्काल किसानों को राहत देते हुए आगामी धान खरीदी के लिए ?4000 प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य की राशि देने की घोषणा करे। इस दौरान महामंत्री विजय सिंह,प्रशांत जैन, ब्लॉक अध्यक्ष फूलसिंह बघेल, रविशंकर तिवारी,दयाराम कश्यप,लता निषाद,एस नीला,मोहसिन खान आदि मौजूद रहे।

# संपादकीय

## सुशासन से संवरता छत्तीसगढ़ देश के नक्शे पर विकसित भारत का एक चमकता हुआ रोल मॉडल बना

### विष्णुदेव साय सरकार के ढाई साल में आदिवासी क्षेत्रों में आई खुशहाली

छत्तीसगढ़ में इन दिनों विकास और सुशासन की एक नई बयार बह रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य ने प्रगति की



एक ऐसी छलांग लगाई है, जो न केवल छत्तीसगढ़ की तस्वीर बदल रही है, बल्कि इसे देश के नक्शे पर विकसित भारत का एक चमकता हुआ रोल मॉडल भी बना रही है। छत्तीसगढ़ में आज डबल इंजन की सरकार धरातल पर साफमहसूस की जा रही है। विकास की इस नई इबारत में समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति की खुशहाली सबसे ऊपर है।, विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य अनुरूप छत्तीसगढ़ में न केवल तेजी से अधोसंरचनाएं विकसित हो रही है, बल्कि सस्टेनबल डेवलपमेंट गोल के लक्ष्य को भी हासिल किया जा रहा है। विगत ढाई वर्षों में छत्तीसगढ़ भारत के विकास इंजन के रूप में भी तेजी से अपनी पहचान बना रहा है। प्रदेश की नवीन औद्योगिक नीति में डिफेंस, आईटी, एआई, ग्रीन एनर्जी जैसे नए क्षेत्रों को विशेष पैकेज दिया जा रहा है। राज्य में अब तक 7.69 लाख रूपए के निवेश के प्रस्ताव मिल चुके हैं। राज्य में विकास, विश्वास और सुरक्षा का नया वातावरण बना है। राज्य की प्रगति में माओवाद आतंक हमेशा से ही बाधक रही है। अब यह बाधा दूर हो गई है। माओवाद बस्तर में खत्म हो चुका है। पिछले 2 वर्षों में बस्तर और सरगुजा अंचल के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए वहां सड़क, रेल, स्वास्थ्य और संचार सहित कई नई परियोजनाएं भी शुरू की गई। नई औद्योगिक नीति में पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया गया है। बस्तर में पर्यटन सुविधाओं को बढ़ाने का प्रयास किए जा रह हैं। इसके लिए नई होम स्टे पॉलिसी और इको टूरिज्म के लिए विशेष प्रावधान रखे है। बस्तर और सरगुजा अंचल में उद्योगों की स्थापना पर विशेष सुविधाएं, छूट और रियायतें दी जा रही है। इसके अलावा उद्योगों को विशेष पैकेज के अंतर्गत सस्ती जमीन उपलब्ध कराई जा रही है। नियद नेल्ला नार योजना के अंतर्गत माओवाद आतंक से प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित 69 सुरक्षा कैम्पों के माध्यम से मूलभूत सुविधाओं के साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। बस्तर की बदलती फिज़ा को सबके सामने लाने में बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम जैसे बड़े आयोजनों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बस्तर के युवा अब विकास से जुडऩा चाहते है, इसकी बानगी यहां चलाए जा रहे हैं। स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रमों में देखी जा सकती है। बस्तर की युवाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए और उन्हें रोजगार से जोडने् के लिए पर्यटन ऑटोमोबाईल, पायलट, आईटी आदि क्षेत्रों में स्किल डेवलपमेंट के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सुशासन, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली को अधिक सुदृढ़ एवं परिणाम आधारित बनाने के लिए सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन किया है। शासन व्यवस्था में अनुशासन और समयबद्धता सुनिश्चित करने हेतु 1 दिसम्बर 2025 से मंत्रालय महानदी भवन में अधिकारियों के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू कर दी गई है, जिससे कार्य संस्कृति और जवाबदेही को नई पहचान मिल रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सत्ता संभालते ही सबसे पहला और ऐतिहासिक फैसला समाज के सबसे कमजोर तबके के हक में लिया किया वह था हर गरीब को अपना पक्का मकान देना। सरकार बनते ही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) को जो रफ्तार मिली, उसकी मिसाल मिलना मुश्किल है। हाल ही में मुख्यमंत्री के विशेष प्रयासों से एक ही क्लिक में 3 लाख लाभार्थियों के खातों में 1,200 करोड़ रुपये की राशि सीधे ट्रांसफर की गई। सिर्फ गाँव ही नहीं, बल्कि पीएम आवास-2-0 के जरिए शहरी और मध्यम आय वर्ग के परिवारों को भी बड़ी राहत दी गई है। पुरानी विसंगतियों और तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए पूरी व्यवस्था में प्रशासनिक और तकनीकी सुधार लागू किया गया है, ताकि बिना किसी बिचौलिए और देरी के हर हकदार को उसका घर मिल सके। मुख्यमंत्री साय के रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर केंद्र सरकार ने भी अपनी मुहर लगाई है। बेहतर वित्तीय प्रबंधन और पारदर्शी शासन का ही नतीजा है कि केंद्र ने छत्तीसगढ़ को 4,400 करोड़ रुपये की विशेष सहायता मंजूर की है, जो देश के किसी भी राज्य को मिली अब तक की सबसे बड़ी प्रोत्साहन राशि है। इसके साथ ही, केंद्रीय बजट 2026-27 में छत्तीसगढ़ के लिए करीब 52 हजार करोड़ रुपये के भारी-भरकम वित्तीय सहयोग की घोषणा की गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 4,500 करोड़ रुपये अधिक है। यह भारी आवंटन राज्य के बुनियादी ढांचे के कायाकल्प के लिए गेम-चेंजर साबित होने वाला है। छत्तीसगढ़ आज सड़कों, ऊर्जा और डिजिटल क्रांति के एक नए दौर से गुजर रहा है। राज्य में सड़कों का जाल बिछता जा रहा है। राज्य में 3,153 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण तेजी से चल रहा है। लगभग 4,500 करोड़ रुपये की लागत से रायपुर-विशाखापत्तनम और रायपुर-रांची जैसे इकोनॉमिक कॉरिडोर पर काम युद्ध स्तर पर जारी है। साथ ही केंद्रीय सड़क निधि से 664 करोड़ रुपये की लागत से जिला मार्गों को सुधारा जा रहा है। दूरदराज के अंचलों में सौर ऊर्जा और माइक्रो-ग्रिड के माध्यम से निर्बाध बिजली पहुँचाई जा रही है। वहीं, डिजिटल इंडिया के तहत बस्तर जैसे संवेदनशील और सुदूर क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड और बीएसएनएल नेटवर्क का जाल बिछाया गया है, जिससे गाँवों में भी शिक्षा, बैंकिंग और ई-कॉमर्स की सुविधाएं आम हो गई हैं। साय सरकार के जमीन से जुड़े कामकाज की गूंज देश की राजधानी तक सुनाई दे रही है। राज्य को उसकी उत्कृष्ट योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए कई राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। पंचायती राज मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ को एक साथ 12 राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार दिए गए हैं, जिनमें प्रतिष्ठित च्दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तीकरण पुरस्कारज्ज् भी शामिल है। मनरेगा, स्वास्थ्य और लघु वनोपज संग्रहण जैसे क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन के लिए राज्य ने 10 अन्य राष्ट्रीय पुरस्कार अपने नाम किए हैं। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करते हुए आयुष्मान भारत योजना को और प्रभावी बनाया गया है, साथ ही राज्य के 5 जिलों में नए मेडिकल कॉलेजों के जरिए चिकित्सा तंत्र को आधुनिक रूप दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उद्योग-अनुकूल नीतियों और सिंगल-विंडो सिस्टम ने निवेशकों में एक नया भरोसा जगाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राज्य को 34,427 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी गई है। स्टील और माइनिंग के पारंपरिक उद्योगों के साथ-साथ अब छत्तीसगढ़ में खाद्य-प्रसंस्करण (फूड प्रोसेसिंग)और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में भारी निवेश आ रहा है। यह नया औद्योगिक माहौल राज्य के युवाओं के लिए केवल रोजगार ही नहीं, बल्कि उनके हुनर के मुताबिक कौशल-युक्त और स्थायी रोजगार के नए रास्ते खोल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ आज सिर्फ खनिज और उद्योगों की रीढ़ नहीं रह गया है, बल्कि यह अंत्योदय की भावना को सच करने वाला राज्य बन चुका है।

# चार्यश्री 108 विनिश्चय सागरजी महाराज:त्याग तपस्या और आध्यात्मिक चेतना के प्रतीक......

**मुरैना ( विश्व परिवार )** । संत सान्निध्य, संत समागम, संत वाणी का श्रवण विरले ही व्यक्तियों को मिलता है । यू तो संसार में हजारों हजारों की संख्या में संत देखे जा सकते हैं लेकिन संत समाज में भी दिगम्बर जैन संतों की क्रियाएं, चर्या, तपस्या, त्याग, संयम। साधना देखते ही बनती है । गुरु बाक्केशरी आचार्यश्री विनिश्चय सागरजी महाराज : ज्ञान, तप और वैराग्य की साकार प्रतिमूर्ति हैं । पूज्य गुरुदेव के चेहरे का तेज, वात्सल्य, मुख के उच्चारित मंगल वाणी सभी भक्तों का मन मोह लेती है । भारतीय संत परम्परा में अनेक ऐसे महापुरुष हुए हैं जिन्होंने अपने त्याग, तपस्या और आध्यात्मिक साधना से समाज को नई दिशा प्रदान की । उन्हीं महान विभूतियों में गणाचार्यश्री विराग सागरजी महाराज के परम प्रभावक एवं अज्ञानुवृति शिष्य आचार्यश्री विनिश्चय सागरजी महाराज का नाम अत्यंत श्रद्धा और सम्मान के साथ लिया जाता है । उनका संपूर्ण जीवन आत्मकल्याण, धर्मप्रभावना, ज्ञानार्जन और जनजागरण के लिए समर्पित रहा है । **जन्म, यौवनावस्था, गृह त्याग की दास्तान**- आचार्यश्री विनिश्चय सागर का पूर्वाश्रम नाम अरुण कुमार जैन था । आपका जन्म 26 जून 1973 को मध्यप्रदेश के दमोह जिले के पथरिया ग्राम में एक धार्मिक एवं संस्कारवान दिगम्बर जैन परिवार में हुआ । आपकी माताजी का नाम श्रीमती कुसुमदेवी जैन तथा पिताजी का नाम श्री रमेशचंद्र जैन



है । बाल्यकाल से ही आपके भीतर धर्म, अध्ययन और वैराग्य के संस्कार विद्यमान थे । आपने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात आध्यात्मिक जीवन की ओर अग्रसर होने का निश्चय किया । **वैराग्य से दीक्षा तक की यात्रा**- धर्म के प्रति गहन अनुराग और आत्मकल्याण की तीव्र भावना ने आपको सांसारिक जीवन से विरक्त कर दिया। 29 जनवरी 1995 को अल्प आयु में ही आपने गृह त्याग कर संयम पथिक बनने की ओर कदम बढ़ाया । 26 फरवरी 1995 को अतिशय क्षेत्र आहारजी में आपने ब्रह्मचर्य व्रत धारण कर आध्यात्मिक साधना का शुभारम्भ करते हुए संयम पथ पर चलने का दृढ़ संकल्प लिया । इसके पश्चात 23 फरवरी 1996 को देवेंद्र नगर में ऐलक दीक्षा प्राप्त कर संयम मार्ग को और दृढ़ता से अपनाया ।आत्मोन्नति की इस साधना यात्रा का अगला महत्वपूर्ण चरण 14 दिसंबर 1998 को आया, जब मध्यप्रदेश के बरासो क्षेत्र में आपने पूज्य गुरुदेव विरागसागरजी महाराज से मुनि दीक्षा ग्रहण की । आपने पूज्य गुरुदेव के पावन सान्निध्य में आपने कठोर तप, गहन अध्ययन और आध्यात्मिक साधना के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को निखारा ।

**आचार्य पद की गौरवपूर्ण प्राप्ति**-आपकी असाधारण साधना, अनुशासन, विद्वत्ता और संघ संचालन की क्षमता को देखते हुए वर्ष 2005 में महाराष्ट्र के कुंथलगिरि में आपको जैन परम्परा के सर्वोच्च पदों में से एक आचार्य पद से विभूषित घोषित किया गया एवं अतिशय क्षेत्र करगुवांजी झांसी में गुरुदेव विरागसागरजी द्वारा 24 मई 2017 को आचार्य पद के संस्कार किए गए । वर्तमान में आपका नाम दिगम्बर संतों की श्रृंखला में सम्पूर्ण जैन समाज में श्रद्धा और प्रेरणा का केन्द्र है । **गहन अध्ययन और विद्वता**- आचार्य श्री केवल तपस्वी संत ही नहीं, बल्कि एक उत्कृष्ट विद्वान और गंभीर चिंतक भी हैंङ्क। आपने जैन आगम एवं दार्शनिक ग्रंथों का व्यापक अध्ययन किया है । श्रावकाचार, द्रव्यसंग्रह, कातन्त्र-रूपमाला, मोक्षशास्त्र, पुरुषार्थसिद्ध्युपाय, इष्टोपदेश, समयसार, परीक्षामुख, न्यायदीपिका, मूलाचार, गोम्मटसार जीवकाण्ड, सर्वार्थसिद्धि, धवला आदि अनेक महत्वपूर्ण ग्रंथों का आपने गहन अध्ययन एवं मनन किया है ।आपकी विशेष रुचि अध्ययन, चिंतन, मनन, आत्मविश्लेषण और प्रभावशाली प्रवचनों के माध्यम से धर्मप्रचार में रही है । आपके प्रवचन सरल, तर्कसंगत और जीवनोपयोगी होते हैं, जो श्रोताओं के हृदय को स्पर्श कर आत्मजागरण का संदेश देते हैं । **समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत**-आचार्य श्री विनिश्चय सागरजी महाराज का जीवन त्याग, संयम, करुणा और आत्मानुशासन का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने अपने उपदेशों के माध्यम से असंख्य लोगों को नैतिक जीवन, अहिंसा, सदाचार और आत्मकल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है । उनका व्यक्तित्व यह संदेश देता है कि सच्चा सुख बाह्य भौतिक साधनों में नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक उन्नति में निहित है । **मुरैना में हुए दो चातुर्मास**- पूज्य गुरुदेव आचार्यश्री विनिश्चयसागरजी महाराज के संस्कारधानी धर्मनगरी मुरैना में दो चातुर्मास हो चुके हैं । प्रथम चातुर्मास एलक अवस्था में सन 1998 में एवं द्वितीय चतुर्मास मुनि अवस्था में सन 2014 में हुआ था । आज भी आपकी ओजस्वी वाणी की गूंज श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन पंचायती बड़ा मंदिर मुरैना के प्रगाढ़ में गुंजयमान होती हुई प्रतीत होती है । आज भी आपका वात्सल्य, आपके चेहरे की मधुर मुस्कान, आपके हितोपदेश युवाओं के हृदय में समाहित हैं ।

**लेखक - मनोज जैन नायक, मुरैना**

# मोदी के 12 साल: संकल्पबद्ध समृद्धिशाली भारत की ओर

### संकल्पबद्ध होकर सतत कर्मशील

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 12 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के स्वर्णिम अध्याय की एक सुनहरी दास्तान है। विश्वास, विकास और



जनकल्याण की यह एक नई गाथा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज विकास, आत्मनिर्भरता, वैश्विक सम्मान और गरीब कल्याण का पर्याय बन चुके हैं। वे नए भारत, आत्मनिर्भरता और आत्म संबल का नया अध्याय हैं। पिछले 12 सालों में उनकी सरकार की योजनाएं कागज से निकलकर जनता के जीवन तक सीधे सीधे पहुंचीं हैं। देश के सभी राज्यों में विकास की नई नई इबारतों के साथ छत्तीसगढ़ में रेलवे पर 50 हजार करोड़ और सड़कों पर 70 हजार करोड़ के कार्य अभी जारी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व तले देश ने विश्वास, विकास और जनकल्याण की अभूतपूर्व यात्रा की है। यह कालखंड केवल मोदी सरकार के कार्यकाल का नहीं, बल्कि नए भारत के निर्माण, गरीबों के सशक्तिकरण,किसानों के सम्मान, महिलाओं के उत्थान और देश के गौरव को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने का स्वर्णिम अध्याय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले प्रधानमंत्री बने हैं। 10 जून को उनके नेतृत्व के 12 साल पूरे हुए हैं। इस दौरान देश में सुशासन, पारदर्शिता और सेवा भाव पर आधारित शासन व्यवस्था स्थापित हुई है, जिसके कारण जनता का विश्वास लगातार बढ़ा है। मोदी सरकार ने पहली बार योजनाओं को जाति, वर्ग और वोट बैंक की राजनीति से ऊपर उठाकर महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीबों के कल्याण पर केंद्रित किया। योजनाएं केवल कागजों तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि उनका लाभ सीधे लोगों तक पहुंचा है। यही कारण है कि आज देश का प्रत्येक नागरिक सरकार की योजनाओं को अपने जीवन में महसूस कर रहा है। मोदी सरकार की सबसे बड़ी ताकत जनता का अटूट विश्वास है। वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यभार संभाला था तब देश के केवल 7 राज्यों में भाजपा-एनडीए की सरकारें थीं, जबकि आज 22 राज्यों में भाजपा या एनडीए की सरकारें हैं। यह जनता के भरोसे और सरकार की जनसेवा का ही सबसे सार्थक प्रमाण है। वर्तमान में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 11 करोड़ से अधिक किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है तथा अब तक 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि सीधे किसानों के खातों में पहुंचाई जा चुकी है। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (छ्वक्च्च) व्यवस्था के माध्यम से भ्रष्टाचार और बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है तथा लाखों करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचे हैं। इसी प्रभावी व्यवस्था के कारण देश के लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकलने में सफल हुए हैं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अथाह मेहनत का ही सुफल परिणाम है। आज का भारत आतंकवाद और दुश्मनों के सामने झुकने वाला नहीं, बल्कि सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के माध्यम से मुंहतोड़ जवाब देने वाला नया भारत है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की सुरक्षा और सम्मान दोनों लगातार मजबूत हुए हैं। जनधन योजना के माध्यम से 58 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए, जिनमें 32 करोड़ से अधिक खाते महिलाओं के हैं। इससे आर्थिक समावेशन को नई गति मिली है। स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए बदलाव भी काफ़ी महत्वपूर्ण और अहम हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत 60 करोड़ से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की गई है। अब 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को भी नि:शुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। आवास, स्वच्छता और महिला सशक्तिकरण मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धि है। तभी तो देशभर में 4 करोड़ से अधिक प्रधानमंत्री आवास बनाए गए, 11 करोड़ महिलाओं को उज्ज्वला गैस कनेक्शन दिए गए तथा 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कर स्वच्छ भारत अभियान को जन आंदोलन बनाया गया। जल जीवन मिशन में 16 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों तक नल से जल पहुंचाने का कार्य किया गया है, जिससे ग्रामीण जीवन और स्वास्थ्य दोनों में व्यापक सुधार आया है। पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से लाखों रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों को सहायता मिली है, जबकि मुद्रा योजना के तहत करोड़ों लोगों को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराया गया है। पीएम विश्वकर्मा योजना से पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को नई ताकत मिली है। जनजातीय समाज के उत्थान के लिए भी मोदी सरकार के प्रयास सराहनीय हैं। देश में पहली बार विशेष रूप से जनजातीय समुदायों, विशेषकर अत्यंत पिछड़ी जनजातियों के विकास के लिए हजारों करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। अब दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं तेजी से पहुंच रही हैं। मोदी के बहुआयामी नेतृत्व में देश में सड़क, रेल, हवाई और डिजिटल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। जहां पहले प्रतिदिन लगभग 11 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग बनते थे, वहीं आज यह गति 34 किलोमीटर प्रतिदिन तक पहुंच गई है। रेलवे के आधुनिकीकरण, विद्युतीकरण और अमृत भारत स्टेशन योजना के माध्यम से देशभर के रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है। मोदी सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में विकास कार्य बेहद जनकल्याणकारी सिद्ध हो रहे हैं। पहले रेलवे के लिए वार्षिक बजट कुछ सौ करोड़ रुपये तक सीमित रहता था, वहीं आज छत्तीसगढ़ में ही लगभग 50 हजार करोड़ रुपये के रेलवे प्रोजेक्ट्स पर कार्य चल रहा है और प्रतिवर्ष लगभग 7 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ में लगभग 70 हजार करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाएं संचालित हैं। रायपुर-विशाखापट्टनम और रायपुर-धनबाद आर्थिक गलियारों जैसी महत्वाकांक्षी परियोजनाएं राज्य के विकास को नई गति देंगी। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 24 लाख से अधिक आवासों का निर्माण हुआ है। विष्णुदेव साय सरकार के गठन के बाद 18 लाख नए आवासों की स्वीकृति दी गई है, जो राज्य के इतिहास में सबसे बड़ा आवास अभियान है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत जनजातीय क्षेत्रों में 2902 किलोमीटर सड़कों के निर्माण सहित लगभग 2700 करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत छत्तीसगढ़ के 32 रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ही कद्दावर नेतृत्व की वज़ह से आज हमारा छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त हो गया है। कोरोना महामारी के दौरान भारत ने दुनिया को अपनी क्षमता दिखाई। देश ने न केवल अपने नागरिकों को सुरक्षा प्रदान की बल्कि वैक्सीन मैत्री अभियान के माध्यम से अनेक देशों की भी सहायता की। **आज देश की प्राचीन पुरातन** योग प्रणाली को विश्व के 177 से अधिक देशों ने स्वीकार किया है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अनुकरणीय पहल से ही यह सम्भव हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विभिन्न देशों द्वारा प्रदान किए गए सर्वोच्च सम्मान भारत की 140 करोड़ जनता के सम्मान का प्रतीक हैं। अब मोदी केवल एक व्यक्ति का नाम नहीं, बल्कि विश्वास, विकास, निर्णायक नेतृत्व, आत्मनिर्भर भारत, वैश्विक सम्मान, गरीब कल्याण और नए भारत के संकल्प के प्रतीक हैं। आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर आगे बढ़ रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अपनी कार्यशैली से भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में अग्रसर किया है। पिछले 12 सालों में मोदी जी ने जितने जनकल्याणकारी कार्य किए हैं, उतने कॉंग्रेस के पिछले 68 वर्षों के कार्यकाल में नहीं हुए। आज भारत की पहचान वैश्विक पटल पर सम्मान के साथ लगातार बढ़ती जा रही है, जो कि मोदी जी के नेतृत्व का ही सुनहरा परिणाम है। देश में 500 सालों बाद राम मंदिर का निर्माण हो या कश्मीर से अनुच्छेद 370 का खात्मा, प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रहित में ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सुशासन के ऐतिहासिक 4399 दिनों (मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के रूप में 25 वर्षों) के सफल कार्यकाल में अंत्योदय देश में हर जगह साकार हुआ है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का सपना था कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े, सबसे गरीब व्यक्ति के जीवन में खुशहाली आए और उनके घर में उन्नति का 'दीया' जले। इस संकल्प को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने धरातल पर उतारा है। और इस तरह ही अंत्योदय देश की ग्रामीण व्यवस्था में देखने को मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश के 4 करोड़ से अधिक गरीबों को पक्की छत प्रदान की गई है। पहले इसमें जहां मामूली राशि मिलती थी, वहीं आज पारदर्शिता के साथ 1.5 लाख से 2.5 लाख रुपये तक की सहायता दी जा रही है, जिससे गरीबों के पक्के मकान का सपना साकार हो रहा है। गांव की महिलाओं और परिवारों के सपनों को पूरा करते हुए 'जल जीवन मिशन' के माध्यम से हर घर में शुद्ध पेयजल और स्वच्छता के लिए घरों में शौचालय बनाने का ऐतिहासिक कार्य किया गया है। गरीब परिवारों के लिए आयुष्मान भारत योजना एक वरदान सिद्ध हुई है। गंभीर बीमारियों जैसे कैंसर, हार्ट ऑपरेशन, किडनी/लिवर की बीमारी या दुर्घटना की स्थिति में 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज प्रदान कर मोदी जी ने गरीबों को आर्थिक तंगी से बड़ी राहत दी है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गांव-गांव को पक्की सड़कों से जोड़ा गया है

# नरेन्द्र मोदी:सबसे लंबे समय तक 'प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित' प्रधानमंत्री

**सुश्री शर्मिष्ठा मुखर्जी**

भारत में सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने वाले नेता को लेकर चल रही बहस के बीच, मुझे



मेरे पिता, स्वर्गीय प्रणब मुखर्जी की 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अभूतपूर्व जीत के बारे में बताई गई एक दिलचस्प बात याद आती है। उस समय बाबा भारत के 13वें राष्ट्रपति थे। अलग-अलग राजनीतिक विचारधाराओं से जुड़े होने के बावजूद, उनके बीच बहुत अच्छे संबंध थे, जो शायद एक सच्चे लोकतंत्र की वास्तकविक पहचान है। चुनाव परिणाम आने के बाद, मोदी जी राष्ट्रपति भवन में बाबा से मिलने आए। बातचीत के दौरान, बाबा ने मोदी जी से चुनाव के बारे में उनका विश्लेषण पूछा। उन्होंने उत्तर दिया कि तीन दशकों के बाद किसी राजनीतिक पार्टी को पूर्ण बहुमत मिला है। तब बाबा ने अपने विशिष्ट प्रोफ़ेसर वाले अंदाज़ में पूछा, 'और क्या?' जब मोदी जी चुप रहे, तो बाबा ने बताया कि 2014 का लोकसभा चुनाव इतिहास में अनोखा था, क्योंकि इसमें प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर एक नया चेहरा पहले ही घोषित कर दिया गया था। भारतीय जनता पार्टी को मिला लोगों का अपार समर्थन केवल उनकी पार्टी के लिए नहीं था, बल्कि यह लोगों का श्री नरेन्द्र मोदी को भारत का प्रधानमंत्री बनाने के लिए सीधा जनादेश था। दूसरे चुनावों के विपरीत, जहाँ प्रधानमंत्री का चेहरा या तो मान लिया जाता है पर आधिकारिक तौर पर घोषित नहीं किया जाता; या परंपरा के अनुसार नवनिर्वाचित सांसद उनका चुनाव करते हैं; या यह गठबंधन के गणित से तय होता है और यह प्रक्रिया चुनाव के बाद होती है। मोदी जी से पहले डॉ. मनमोहन सिंह, जो कभी जन-नेता नहीं रहे, उन्हें तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी ने चुना था। भारत के दो प्रधानमंत्री, श्री पी.वी. नरसिम्हा राव और श्री एच.डी. देवेगौड़ा - तो प्रधानमंत्री बनने के समय संसद के सदस्य भी नहीं थे। सरल शब्दों में कहें तो, प्रधानमंत्री का चुनाव वरिष्ठ राजनेता करते थे। 2014 भारतीय राजनीति के चुनावी समीकरणों में एक बहुत बड़ा बदलाव था, जहां देश की जनता ने श्री नरेन्द्र मोदी को लगभग 'राष्ट्रपति चुनाव' की ही तरह, स्पष्ट रूप से और बिना किसी संदेह के अपना प्रधानमंत्री चुना। उल्लेनखनीय है कि 2014 से पहले श्री नरेन्द्र मोदी जी 'राष्ट्रीय' राजनीति में नए थे। उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर अपने लंबे कार्यकाल के दौरान अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई थी, लेकिन 2014 उनका पहला लोकसभा चुनाव था। यह एक अनोखी बात है कि पहली बार सांसद बनने वाले व्यक्ति ने देश के प्रधानमंत्री के रूप में पहली बार संसद भवन में प्रवेश किया। (पुरानी) संसद की सीढ़ियों पर 'प्रणाम' करने का उनका भावुक कदम हृदय को छू लेने वाला ऐसा क्षण था, जिसने करोड़ों भारतीयों के हृदय में अपनी जगह बना ली। चुनाव में विजय का कभी भी कोई एक कारण नहीं होता; यह कई कारकों से जुड़ी एक जटिल प्रक्रिया है। भाजपा का ज़मीनी स्तर पर मज़बूत संगठन, अलग-अलग जातियों और समुदायों तक लगातार पहुँचने की रणनीति, अपनी गलतियों को शीघ्र पहचानना और तुरंत सुधार करने की इच्छाशक्ति — ये कुछ ऐसी मुख्य बातें हैं जिन्होंने विद्यमान भाजपा को चुनाव जीतने वाली एक ऐसी शक्ति बना दिया है, जिसे वर्तमान में रोक पाना दुष्कार लगता है। हालांकि, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि श्री नरेन्द्र मोदी जी का चेहरा शायद भाजपा का सबसे मज़बूत ट्रंप कार्ड है। लोग उनमें एक ऐसा मज़बूत नेता देखते हैं, जो अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत के दम पर आगे बढ़ा है, न कि कांग्रेस की तरह वंशवादी विरासत या परिवार-शासित क्षेत्रीय पार्टियों की मज़बूत पकड़ के कारण। एक तरह से श्री नरेन्द्र मोदी भाजपा के पर्याय बन गए हैं। मैं हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव के बारे में बंगाल के मित्रों के साथ हुई कुछ बातचीत का उल्लेख करना चाहूंगी। जहां मेरे अपने रिश्तेदार अभी भी कांग्रेस के कट्टर समर्थक हैं और बंगाल में कांग्रेस को मिले मामूली 2.9 प्रतिशत वोट शेयर में उनका भी योगदान था, वहीं मेरे अधिकतर दोस्तों और परिचितों ने भाजपा को वोट दिया था। चुनाव से पहले, मैं उनसे पूछती थी कि वे किस पार्टी को वोट देंगे। अधिकतर लोगों का उत्तर यही होता था कि वे 'मोदी' को वोट देंगे। मैं उन्हें याद दिलाती थी कि यह विधानसभा चुनाव है और मोदी जी चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। उनका उत्तर हमेशा यही होता था— 'ओई एक-ई व्यापार'—यानी 'बात एक ही है'। श्री नरेन्द्र मोदी जी न केवल देश के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले चुने हुए प्रधानमंत्री हैं, बल्कि शायद स्वतंत्रता के बाद देश ने जितने भी प्रधानमंत्री देखे हैं, उनमें से वे सबसे मज़बूत नेताओं में से एक हैं। वे गठबंधन सरकारों, जो अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए दूसरों पर निर्भर रहती हैं, के उन व्यांवधानों (अक्सर ब्लैकमेल करने वाले तरीकों) का शिकार हुए बिना एक मज़बूत और स्थिर सरकार देने में सफल रहे हैं। कोई उनकी कई नीतियों या काम करने के तरीके से असहमत हो सकता है और लोकतंत्र में ऐसा होना बिल्कुल सामान्य बात है; लेकिन कोई भी उनके करिश्मे और 'आकांक्षी भारत' के लिए प्रेरणा के तौर पर भारतीय मतदाताओं के साथ उनके जुड़ाव को नकार नहीं सकता। यह बात 2019 और फिर 2024 में भी स्पष्ट रूप से दिखी। आप श्री नरेन्द्र मोदी को पसंद करें या नापसंद, लेकिन आप 'ब्रांड मोदी' की अनदेखी नहीं कर सकते। बड़ी ताक़त के साथ बड़ी ज़िम्मेदारी भी आती है। एक आम नागरिक के रूप में, मैं प्रार्थना करती हूँ कि वे लोगों से प्राप्त भारी जनादेश के साथ पूरा न्याय करें और हमारे देश को और भी ऊंचाइयों तक ले जाएँ।

**(लेखिका एक स्तम्भकार हैं और 'प्रणब माय फादर: अ डॉटर रिमेंबर्स' पुस्तीक की लेखिका हैं। वह वर्तमान में 'प्रणब मुखर्जी लिगेसी फाउंडेशन' की संचालक हैं।)**

### आचार्य पदारोहण महोत्सव को मिला नेपाल केसरी महाराज का सानिध्य

# जैन मुनि नेपाल केसरी डॉ. मणिभद्र महाराज की सर्वोदय शांति पदयात्रा पहुंची रायपुर

रायपुर। सर्वोदय शांति पदयात्रा विचरण करते हुए रायपुर पहुंच गई। जैन मुनि नेपाल केसरी डॉ. मणिभद्र महाराज के नेतृत्व में चल रही यह सर्वोदय शांति पदयात्रा नेपाल से लगभग 1600 किलोमीटर की दूरी तय करके छत्तीसगढ़ पहुंची है। इस यात्रा की शुरुआत 6 जनवरी 2026 को नेपाल के पोखरा से हुई थी, जिसने 7 फरवरी को लुंबिनी से भारत की सीमा में प्रवेश किया। भारत में प्रवेश के बाद यह यात्रा उत्तर प्रदेश के गोरखपुर और वाराणसी से होते हुए मध्य प्रदेश के रीवा, कटनी और जबलपुर जैसे प्रमुख शहरों से गुजरी। फिर छत्तीसगढ़ में उन्होंने कबीरधाम प्रवेश किया और विहार करते हुए 14 जून को राजधानी रायपुर पहुंचे। बता दें कि छत्तीसगढ़ की रायपुर में आचार्य पदारोहण महोत्सव का भव्यातिभव्य आयोजन हुआ, जिसमें महाराज जी ने अपना सानिध्य प्रदान किया।

महोत्सव के दौरान महाराज जी से प्रमुख व्यक्तियों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय मंत्री एवं सांसद तोखन साहू, छत्तीसगढ़ विधानसभा के स्पीकर डॉ. रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व मंत्री एवं विधायक राजेश मूणत एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस समय वे रायपुर के पटवा भवन में हैं साथ ही प्रवचन के माध्यम से लोगों तक मनुष्य भव



के महत्व को पहुंचा रहे हैं।

पत्रकारगणों से चर्चा के दौरान यह प्रश्न उठा कि जैन साधु पैदल ही यात्रा क्यों करते हैं, एक नगर से दूसरे नगर विहार करते हुए जाना, इसमें काफी समय लगता है, विभिन्न साधनों के होते हुए भी आप पैदल ही चलते हैं। उन्होंने सहर्ष बताया कि साधनों के होते हुए भी पदयात्रा करना दर्शनों के अनुसार काफी लाभ प्रदाय करता है। इससे हमें समाज और संस्कृति को करीब से जानने का अवसर मिलता है। नेपाल से भारत की ओर बढ़ते हुए कई पहाड़ और कस्बे मिले। पहाड़ी और बीहड़ इलाकों में जीवन काफी कठिन होता है, पीने के पानी से लेकर दो वक्त का खाना भी काफी मुश्किल से मिलता है। कुछ कस्बों में हमने देखा कि लोग कीट-पतंगों को पानी में उबाल कर खा रहे थे। समाज की स्थिति जानने का यह एक श्रेष्ठ माध्यम हैं। जैन मुनि डॉ. मणिभद्र महाराज को नेपाल केसरी के रूप में जाना जाता है। वे अंतर्राष्ट्रीय मानव परिवार संगठन (मानव मिलन) के संस्थापक हैं और अपनी सर्वोदय शांति यात्राओं और सामाजिक सद्भाव के संदेशों के लिए देश भर में लोकप्रिय हैं। उनका जन्म नेपाल में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था और उन्होंने वैदिक परंपरा की शिक्षा प्राप्त की, लेकिन भारत आने के बाद वे जैन संतों के संपर्क में आए और 14 साल की उम्र में उन्होंने नवकार महामंत्र का जाप शुरू किया और 17 वर्ष की अल्पआयु में उन्होंने जैन दीक्षा ली और पूर्ण रूप से वैराग्य के मार्ग पर चल पड़े। चर्चा के दौरान बताया कि आज की स्थिति में संसार के सारे काम हमें जोड़ रहे है लेकिन धर्म हमें तोड़ रहा है। लोग धर्म के नाम बंट रहे हैं। मानव मिलन संस्था के तत्वाधान में हम सभी को एक छाते के नीचे लाने का प्रयास कर रहे हैं, जिसमें जाति-धर्म का कोई भेद न हो।

# कवि हृदय आचार्य श्री विभव सागर महाराज ससंघ का नौ पिच्छियों सहित मंगल आगमन

- 26 जून को प्रातः 7 बजे होगी भव्य अगवानी

**विदिशा (विश्व परिवार)।** धर्मनगरी विदिशा को एक बार पुनः संत सान्निध्य का अनुपम सौभाग्य प्राप्त होने जा रहा है। कवि हृदय, ओजस्वी वक्ता एवं समाधिस्थ आचार्य श्री विराग सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य आचार्य श्री विभव सागर महाराज ससंघ का 26 जून को विदिशा में भव्य मंगल प्रवेश होगा।

श्री सकल दिगंबर जैन समाज समिति द्वारा प्रातः 7 बजे ईदगाह चौराहे (विवेकानंद चौराहा) पर आचार्यश्री की भव्य मंगल अगवानी की जाएगी। समाज के श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित होकर आचार्यश्री एवं उनके संघ का स्वागत करेंगे।सकल दिगंबर



जैन समाज समिति के प्रवक्ता अविनाश जैन 'विद्यावाणी' ने बताया कि आचार्य श्री विभव सागर महाराज इससे पूर्व वर्ष 2017 में विदिशा पधारे थे। उनके सान्निध्य में भगवान महावीर जयंती महोत्सव अत्यंत भव्यता एवं धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ था। उनके प्रभावशाली प्रवचनों ने समाजजनों को गहराई से प्रभावित किया था। इसी कारण उनके पुनः आगमन को लेकर समाज में विशेष उत्साह का वातावरण है।

आचार्यश्री अपने सरल, सरस एवं प्रभावशाली प्रवचनों के साथ-साथ साहित्य और काव्य सृजन के लिए भी देशभर में विशेष पहचान रखते हैं।

# स्वस्थ भावी पीढ़ी के लिए अपनाना होगा जैविक खेती: कृषि मंत्री रामविचार नेताम

**बलौदाबाजार -भाटापारा (विश्व परिवार)।** कृषि मंत्री रामविचार नेताम गुरुवार को भाटापारा स्थित शासकीय गजानन्द अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय तिलहन मेला सह जैविक कृषि कार्यशाला में शामिल हुए। कार्यशाला में किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती के फायदे बताने के साथ ही शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, राज्यसभा सांसद श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, रायपुर लोकसभा क्षेत्र सांसद बृजमोहन अग्रवाल उपस्थित थे। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के



आह्वान पर खेत चलो अभियान 1 से 30 जून तक चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य किसानों को जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित करना हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है, इसका मतलब यहां धान का उत्पादन अधिक होता है। वर्तमान में किसान अधिक उत्पादन के लिए रासायनिक खाद का अंधाधुंध उपयोग कर रहे हैं जिससे उत्पादन तो बढ़ रहा है लेकिन इससे मानव और मिट्टी दोनों के सेहत पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी के उत्तम स्वास्थ्य के लिये रासायनिक उर्वरक की निर्भरता को कम कर जैविक खेती अपनाना होगा। जैविक और प्राकृतिक खेती में पशुपालन, मछलीपालन, बकरी पालन भी शामिल हैं।

# 2 करोड़ 57 लाख की लागत से संचालित सौंदर्यीकरण कार्यों निरीक्षण किया गया



**बिरगांव (विश्व परिवार)।** बिरगांव नगर निगम के वार्ड क्रमांक 32 स्थित मोती सागर तालाब में लगभग 2 करोड़ 57 लाख रुपये की लागत से संचालित सौंदर्यीकरण कार्यों का आज निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर एवं उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ पूर्ण किए जाएं, ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। मोती सागर तालाब के विकास कार्य दो चरणों में किए जा रहे हैं— फेज-01 के अंतर्गत सी.सी. रोड व नाली, पचरी, पाथवे, बाउंड्री वाल व रेलिंग, आरसीसी बेंचेस तथा आउट गेट का निर्माण किया जा रहा है। फेज-02 में लाइटिंग पोल, टॉयलेट व यूरिन ब्लॉक, हाई मास्ट लाइट, भव्य प्रवेश द्वार, किड्स प्ले एरिया, आरसीसी सीटिंग व्यवस्था, फ्लैग स्टैंड एवं पार्किंग जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इन समस्त कार्यों के पूर्ण होने के पश्चात मोती सागर तालाब क्षेत्र एक स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित होगा, जिससे आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी।

# महापौर को समाज की वार्षिक पत्रिका तुलसी दर्पण की प्रति भेंट की



**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे के नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर उनके चेम्बर में सरयूपारीण ब्राम्हण समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुरेश शुक्ला पदाधिकारी आर.एल. द्विवेदी, राजेन्द्र शर्मा, बैजनाथ मिश्रा, प्रवीण चौबे ने मिलकर उन्हें सरयूपारीण ब्राम्हण समाज की वार्षिक पत्रिका तुलसी दर्पण की प्रति भेंट की।

सरयूपारीण ब्राम्हण समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने महापौर श्रीमती मीनल चौबे को समाज के भवन के प्रांगण में महापौर निधि मद से लगभग 8 लाख रू. की राशि से पेवर ब्लॉक लगवाने एवं सुन्दरता कायम करने के कार्य हेतु हार्दिक धन्यवाद दिया।

# रीवा में ग्राम सभा संपन्न ग्रामीणों दिखा उत्साह



**आरंग (विश्व परिवार)।** गुरुवार को ग्राम पंचायत रीवां में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। बैठक में डॉक्टर दूजेराम साहू को सभापति चुना गया। ग्राम के सरपंच घसियाराम साहू ने बताया बैठक में सभी पंचों ने अपने अपने वार्ड का प्रधानमंत्री आवास सूची का सार्वजनिक रूप से वाचन किया। तत्पश्चात ग्राम विकास संबंधी अन्य मुद्दों पर चर्चा व रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया।सभा को सभापति डॉ दूजेराम साहू, सरपंच घंसियाराम साहू, सहित ग्राम के अन्य वरिष्ठ नागरिकों ने भी संबोधित किया। यह विशेष ग्रामसभा को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह दिखा।इस अवसर पर सरपंच, उपसरपंच व सभी पंचों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# नये ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 को प्रभावी तरीके से लागू करने आदेश पारित किया गया

**रायपुर (विश्व परिवार)।** माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रकरण सिविल अपील क्रमांक-6174/2023 में नये ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिये महत्वपूर्ण आदेश पारित किया गया है। आदेश के परिपालन में क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर द्वारा विभिन्न स्टेक होल्डर्स (नगरीय निकाय, ग्रामीण निकाय, विश्वविद्यालय, उद्योगों, एस एल आर एम प्रतिनिधि आदि) में जागरूकता का प्रचार-प्रसार करने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन देवकीनंदन सभागृह, बिलासपुर में दिनांक 24/06/2026 को किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर के क्षेत्रीय अधिकारी श्रीमती रशिम श्रीवास्तव मुख्य रसायनज्ञ श्री सूरज कुमार धुर्वे, संयुक्त संचालक नगरीय



प्रशासन विभाग बिलासपुर से नोडल श्रीमती हर्षा तिवारी, श्री विनीत साहू डिविजनल कोऑर्डिनेटर, एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी तथा जिला-बिलासपुर, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, सक्ति, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही के ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, उद्योगों, विश्वविद्यालय, के लगभग 350 प्रतिनिधियों ने भागीदारी की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महापौर श्रीमती पूजा विधानी, जिला बिलासपुर के द्वारा निकाय क्षेत्रों में कचरा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए नये ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 को नगरीय निकायों में प्रभावी बनाये जाने एवं नये नियम के अनुसार ठोस अपशिष्टों का प्रभावी प्रबंधन कर सभी को समेकित प्रयास करते हुए अपने जिले को स्वच्छ रखने के लिए कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया।

# पिंक ऑटो प्रोजेक्ट के द्वितीय चरण का शुभारंभ

**रायपुर (विश्व परिवार)।** ई-आटो परिवहन सेवा प्रोजेक्ट 'पिंक ऑटो' के द्वितीय चरण का शुभारंभ आज वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री चौधरी एवं मंत्री श्री गुरु खुशवंत साहेब ने ऑटो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और स्वयं बैठक संवारी की।

प्रथम फेस में 20 हजार प्रतिमाह से अधिक आय अर्जित करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया जिसमें ग्राम राखी निवासी श्रीमती चंद्रिका साहू, कोटरा भाटा निवासी श्रीमती शीतू कोशले, ग्राम बेंद्री निवासी श्रीमती रेशम साहू, ग्राम तूता निवासी श्रीमती ज्ञानी बैस शामिल हैं।

प्रथम चरण में 14 ग्राम व 16 ग्राम संगठन की 40 महिलाएं एवं द्वितीय चरण में 23 ग्राम व 25 ग्राम संगठन की 52 महिलाओं को ई ऑटो प्रदान किया गया है।



कार्यक्रम में 52 महिलाओं को आत्मनिर्भरता की चाबी सौंपते हुए पिंक ई-ऑटो प्रदान किए गए। प्रथम चरण में 40 ई-ऑटो प्रदान किए गए थे, जिसके बाद नवा रायपुर क्षेत्र की महिलाएं प्रति माह 25 से 30 हजार रुपए की आय अर्जित कर रही हैं।

वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने कहा कि पिंक ऑटो योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल उनकी आय बढ़ी है, बल्कि वे सम्मान के साथ आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने सभी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने एवं उनके पिंक ऑटो के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सचिव आवास एवं पर्यावरण श्री अंकित आनंद, एनआरडीए के सीईओ श्री चंदन कुमार, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# जैन धर्म की मर्यादा के विपरीत कथन- मोर पंखों की पिच्छिका के लिए 15 लाख मोरों की हत्या का आरोप बेबुनियाद

**कामां (विश्व परिवार)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी द्वारा 17 जून को दिल्ली स्थित लाल किले के सामने जैन मंदिर में मुनि श्री सौरभ सागर जी महाराज के समक्ष यह कहना कि जैन साधुओं की पिच्छिका के लिए लाखों मोरों की हत्या की जाती है, अत्यंत निंदनीय, तथ्यहीन एवं जैन धर्म की मूल अवधारणा के सर्वथा विपरीत कथन है। आश्चर्य का विषय यह है कि लगभग एक दशक पूर्व भी वे इसी प्रकार का आरोप लगा चुकी हैं, जबकि आज तक इस कथन के समर्थन में कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया गया।

मेरी दृष्टि में ऐसे कथनों की कोई तथ्यात्मक अहमियत नहीं है। यह या तो विषय के प्रति घोर अज्ञानता का परिचायक है अथवा फिर स्वयं को चर्चा में बनाए रखने के लिए टीआरपी प्राप्त करने का एक कुत्सित प्रयास मात्र है। जिस धर्म का मूलाधार



ही अहिंसा परमो धर्मः है, उस धर्म पर हिंसा का आरोप लगाना स्वयं में एक बड़ा विरोधाभास है।

जैन धर्म विश्व का वह महानतम दर्शन है जिसने सूक्ष्मतम जीवों तक की रक्षा का संदेश दिया है। यहाँ केवल मनुष्य ही नहीं, अपितु पृथ्वीकाय, जलकाय, अग्निकाय, वायुकाय और वनस्पतिकाय जीवों तक की रक्षा की भावना का प्रतिपादन किया गया है। जैन साधु अपने प्रत्येक कार्य में जीवदया का विशेष ध्यान रखते हैं। वे रात्रि में भोजन नहीं करते, पैदल विहार करते हैं, भूमि को देखकर कदम रखते हैं, पानी छानकर ग्रहण करते हैं तथा अपने जीवन के प्रत्येक क्षण में जीवों की रक्षा का प्रयास करते हैं। ऐसे धर्म के साधुओं पर मोरों की हत्या का आरोप लगाना वस्तुतः अहिंसा के विश्वव्यापी संदेश का अपमान है।

जैन दिगंबर मुनियों के हाथ में रहने वाली पिच्छिका केवल मोरपंखों का गुच्छा नहीं, बल्कि करुणा, जीवदया और अहिंसा का जीवंत प्रतीक है। मुनिराज किसी स्थान पर बैठने, शास्त्र रखने अथवा अपने समीप उपस्थित सूक्ष्म जीवों को बिना कष्ट पहुँचाए धीरे से हटाने के लिए पिच्छिका का उपयोग करते हैं।

# माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट ने लगाया चंगोराभाठा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**रायपुर (विश्व परिवार)।** राजधानी रायपुर के चंगोराभाठा स्थित सियान सदन में माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट के तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में विभिन्न अस्पतालों के अनुभवी चिकित्सकों ने लोगों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। इस सेवा कार्य का बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों एवं वरिष्ठजनों ने लाभ उठाया ।

शिविर में एएसजीआई हॉस्पिटल (शंकर नगर), वाधवा हॉस्पिटल (मैत्री नगर) तथा नेचर क्योर हॉस्पिटल (आनंद नगर) की विशेषज्ञ चिकित्सक टीम ने भाग लिया । स्वास्थ्य परीक्षण के साथ लोगों को विभिन्न बीमारियों की रोकथाम एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के संबंध में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में




सियान सदन के वरिष्ठ सदस्य नारायण सिंह यदु मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । वहीं चंगोराभाठा की पार्षद श्रीमती दुर्गा यादव ने भी शिविर में पहुंचकर आयोजन की सराहना की । उन्होंने कहा कि इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर समाज के हर वर्ग, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों और जरूरतमंद लोगों के लिए बेहद उपयोगी हैं ।

शिविर के दौरान ट्रस्ट की ओर से मुख्य अतिथि, पार्षद एवं चिकित्सकों की टीम का मोमेंटो और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया । कार्यक्रम में ट्रस्ट के संगठन प्रभारी डॉ. नीता गुरु गोस्वामी, जिला अध्यक्ष श्रीमती कल्पना शुक्ला, चंगोराभाठा प्रभारी भावना शर्मा, टिकरापारा प्रभारी गैंदी बाई सिन्हा, रानी साहू, रेणु गुप्ता, नमिता पात्रा, कुंज बिहारी चौक प्रभारी संध्या तिवारी, सुंदर नगर प्रभारी मनोरमा बाजपेई, लक्ष्मी अवस्थी, सरोज शुक्ला, रजनी सोनी, मधु शर्मा तथा डॉ. अंकुर गुरुगोस्वामी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस सेवा अभियान में जन औषधि से जुड़े राजेश शर्मा का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। आयोजन के सफल संचालन पर ट्रस्ट के अध्यक्ष परम पूज्य गुरुदेव श्री संकर्षण शरण जी (गुरुजी) ने सभी आयोजकों, चिकित्सकों और सहयोगियों को शुभकामनाएं देते हुए इस प्रकार के जनसेवा कार्यों को निरंतर जारी रखने का आह्वान किया ।

### सीएम हेल्पलाइन से शिकायत का त्वरित निराकरण

**बलौदाबाजार भाटापारा।** विकासखंड भाटापारा के ग्राम दतरेंगी की रहने वाली कुंती वर्मा के लिए राज्य शासन का सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076 एक बड़ा सहारा बनकर उभरा है। कुंती वर्मा को पिछले तीन महीनों से राशन नहीं मिल पा रहा था, जिससे उनके परिवार को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अपनी इस समस्या को लेकर वे काफी चिंतित थीं, तभी उन्हें अपने बड़े भाई से इस हेल्पलाइन नंबर की जानकारी मिली। भाई की सलाह पर उन्होंने तुरंत सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076 पर संपर्क किया और अपनी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज होते ही जिला प्रशासन और संबंधित विभाग ने मामले को पूरी गंभीरता से लिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए उनकी समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया।

# पेड़ के नीचे पढ़ने को मजबूर नौनिहाल, 5 साल से अधूरा पड़ा स्कूल भवन दे रहा शिक्षण व्यवस्था को चुनौती



**सारंगढ़।** शिक्षा के अधिकार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के सरकारी दावों के बीच सारंगढ़ जिले के वन ग्राम शिवपुरी की तस्वीर बेहद चिंताजनक है। जिला मुख्यालय से करीब 25 किलोमीटर दूर और प्रसिद्ध पर्यटन स्थल टमटोरा रेस्ट हाउस से महज एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित प्राथमिक शाला शिवपुरी में मासूम बच्चे आज भी पेड़ के नीचे बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। गांव का पुराना स्कूल भवन जर्जर होने के कारण उसे तोड़ दिया गया था। इसके बाद वर्ष 2021-22 में डीएमएफ मद से नए भवन निर्माण की स्वीकृति मिली और निर्माण कार्य शुरू हुआ, लेकिन ग्राम पंचायत की लापरवाही और सुस्त कार्यप्रणाली के चलते पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी भवन अधूरा पड़ा हुआ है। स्कूल भवन अधूरा रहने के कारण विद्यालय का संचालन वन विभाग के पुराने और जर्जर परिसर रक्षक भवन में किया जा रहा है। इस भवन में न बिजली की व्यवस्था है और न ही पंखे की सुविधा। भीषण गर्मी और उमस से परेशान शिक्षक मजबूरी में तालाब किनारे इमली के पेड़ की छांव में बच्चों की कक्षाएं संचालित कर रहे हैं। बरसात के मौसम में हालात और भी भयावह हो जाते हैं। जिस भवन में स्कूल संचालित हो रहा है, उसकी छत जगह-जगह से टपकती है। वन विभाग करीब 15 वर्ष पहले ही इस भवन को अनुपयोगी घोषित कर छोड़ चुका है। ऐसे में बारिश के दौरान बच्चों की पढ़ाई कैसे होगी, यह बड़ा सवाल बन गया है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि टमटोरा संकुल के अंतर्गत आने वाले इस विद्यालय का पिछले पांच वर्षों में विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) और जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) द्वारा एक बार भी निरीक्षण नहीं किया गया। निरीक्षण के नाम पर केवल संकुल प्राचार्य और समन्वयक की औपचारिक उपस्थिति ही दर्ज होती रही। विद्यालय के प्रधानपाठक दारा सिंह सिदार ने बताया कि स्कूल की बदहाल स्थिति और भवन निर्माण में हो रही देरी को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों को लिखित पत्र भेजे गए, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब बड़ा सवाल यह है कि जब सरकार शिक्षा के क्षेत्र में करोड़ों रुपये खर्च करने का दावा कर रही है, तब वनांचल के मासूम बच्चों को बुनियादी सुविधाओं से आखिर क्यों वंचित रखा जा रहा है? क्या जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता और ग्राम पंचायत की लापरवाही के बीच इन बच्चों का भविष्य यूं ही अधर में लटका रहेगा, या फिर प्रशासन इस गंभीर समस्या पर जल्द कोई ठोस कदम उठाएगा?

# मालखरौदा एवं जैजैपुर क्षेत्र के गांवों में कारो का शीशा तोड़फोड़ कर चोरी कर दहशत फैलाने के मामले में शामिल सभी आरोपी गिरफ्तार





**जैजैपुर।** प्रार्थी राकेष रात्रे पिता मंषराम रात्रे उम्र 24 साल साकिन छोटेसीपत थाना मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.) एवं मालखरौदा व जैजैपुर के अन्य 10 प्रार्थियों के द्वारा 11.05.2026 एवं 12.05.2026 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराये कि किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा घटना 10-11.05.2026 के रात्रि घरों के सामने खड़े चारपाहिया वाहनों के शीशा को पत्थर व ईटा से तोड़फोड़ कर उसमें रखे पर्स में नगदी रकम 6500 रु. 10,000 रु. इलेक्ट्रानिक वायर कीमती 7000 रु.. कार का जेक पाना कीमती 7,000 रु. 8,000 रु. एवं 9,000 रु. जुमला 47000 रु. को चोरी कर ले गया है, रिपोर्ट पर अपराध बीएनएस कुल 06 अपराध पंजीबध्द किया गया इसके अलावा थाना जयजयपुर मे कुल 05 अपराध दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी में लिया गया।

उपरोक्त घटना को आरोपियों द्वारा जैजैपुर थाना क्षेत्र के ग्राम काशीगढ़, जैजैपुर, तुषार, बोडसरा, कचंदा थाना मालखरौदा के पिहरीद, छोटे सीपत, कलमी, जमगाहान के सडक किनारे खड़ी चारपाहिया वाहनों का शीशा तोड़के अंदर के सामान को चोरी कर ले गए थे। मामले में पुलिस अधीक्षक महोदयश्री प्रफुल्ल ठाकुर के निर्देषन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय पंकज पटेल तथां अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सक्ती डॉ0 भुनेष्वरी पैंकरा के पर्यवेक्षण में अज्ञात आरोपियों की पतासाजी मुखबीर एवं ईलेक्ट्रानिक साक्ष्य के आधार पर की जा रही थी कि आरोपी गुलषन कुमार बरेठ जो कि दिल्ली भागने की फिराक में था जिसे खरसियां रेलवे स्टेशन से एवं 03 संदिग्ध को उनके घर से पकड़ कर हिरासत में लेकर पूछताछ किये जो उपरोक्त घटना /अपराध कारित करना स्वीकार किये जिस पर 02 आरोपी एवं 02 विधि से संघर्षरत बालकों को विधिवत गिरफ्तार एवं सामाजिक पृष्टभूमि भर कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक प्रवीण राजपूत

# सुकमा में 'खेती बचाओ अभियान' के तहत जैविक एवं प्राकृतिक खेती कार्यशाला आयोजित



**सुकमा।** सुकमा जिले में किसानों को प्राकृतिक और जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित करने तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) सुकमा के संयुक्त तत्वावधान में 'खेती बचाओ अभियान' के तहत एक दिवसीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर आधुनिक एवं प्राकृतिक खेती की तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। कार्यशाला में मुख्य अतिथि बस्तर सांसद महेश कश्यप ने विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत किसानों और मत्स्य पालकों को आवश्यक सामग्री वितरित की। इस दौरान 4 मत्स्य पालकों को मत्स्याखेट के लिए आधुनिक जाल एवं आइस बॉक्स प्रदान किए गए, जिससे वे मछलियों का सुरक्षित भंडारण कर बेहतर बाजार मूल्य प्राप्त कर सकेंगे। इसके साथ ही कृषि विभाग द्वारा किसानों को उन्नत एवं उच्च गुणवत्ता वाले बीजों का निःशुल्क वितरण किया गया, जिससे कृषि उत्पादन बढ़ाने और किसानों की आय में वृद्धि करने में सहायता मिलेगी।

# वॉयस ऑफ़बस्तर कार्यक्रम के तहत मिताली वर्मा द्वारा लड़कियों को विभिन्न विषयों की दी जा रहीं हैं जानकारी



**किरंदुल।** युवा लड़कियों को ज्ञान और आत्मविश्वास से मज़बूत बनाने की कोशिश में, वॉयस ऑफ़बस्तर,जो युवाओं के नेतृत्व वाली एक जागरूकता पहल हैं और जिसे किरन्दुल निवासी मिताली वर्मा ने शुरू किया हैं, सरकारी स्कूलों में लड़कियों के लिए एजुकेशनल सेशन का आयोजन किया जा रहा हैं। यह प्रोग्राम साइबर सिक्योरिटी, संवैधानिक अधिकार, मानवाधिकार, पर्सनल सुरक्षा और डिजिटल ज़िम्मेदारी जैसे ज़रूरी विषयों पर फोकस करता हैं। इन सेशन के दौरान, स्टूडेंट्स को सुरक्षित इंटरनेट प्रैक्टिस,ऑनलाइन फ्रॉड, साइबरबुलिंग से सुरक्षा और पर्सनल जानकारी को सुरक्षित रखने के महत्व के बारे में बताया जाता हैं।यह पहल लड़कियों को उनके संवैधानिक और मानवाधिकारों से भी परिचित कराती हैं,जिससे उन्हें नागरिक के तौर पर उन्हें मिले अधिकारों और सुरक्षा को समझने में मदद मिलती हैं। प्रैक्टिकल सुरक्षा उपायों और रोज़ाना की सावधानियों पर खास ज़ोर दिया जाता हैं,जिन्हें लड़कियां ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से अपना सकती हैं। इंटरैक्टिव चर्चाओं और असल ज़िंदगी के उदाहरणों के ज़रिए,स्टूडेंट्स को भेदभाव, हिंसा और शोषण के खिलाफ़ बोलने के लिए प्रोत्साहित किया जाता हैं,साथ ही समाज के जानकार और ज़िम्मेदार सदस्य बनने के लिए भी।वॉयस ऑफ़ बस्तर कार्यक्रम का मकसद ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में लड़कियों के सामने मौजूद जानकारी की कमी को आसान और काम की जागरूकता शिक्षा देकर पूरा करना हैं।युवा लड़कियों को उनके अधिकारों और सुरक्षा के बारे में जानकारी देकर, इस पहल का मकसद अगली पीढ़ी में आत्मविश्वास, हिम्मत और लीडरशिप बनाना हैं। मिताली वर्मा का कहना ? हैं कि जागरूकता एम्पावरमेंट की ओर पहला कदम हैं और हर लड़की को ऐसी जानकारी मिलनी चाहिए जो उसे सोच-समझकर फैसले लेने,खुद को बचाने और अपने समुदाय में अच्छा योगदान देने में मदद कर सके।

# कलेक्टर ने नए शैक्षणिक सत्र ने विद्यालयीन गतिविधियों के सुचारू रूप से संचालन हेतु शिक्षा विभाग की ली बैठक



**जशपुरनगर।** नए शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ होते ही विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर रोहित व्यास ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में गणवेश एवं पाठ्यपुस्तक वितरण, विद्यार्थियों की अपार आईडी निर्माण, शिक्षकों की उपस्थिति, विद्यालय निरीक्षण तथा सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण सहित विभिन्न विषयों की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर व्यास ने प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिन्हा तथा सभी विकासखंडों के बीईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालयों में बेहतर पढ़ाई के लिए शिक्षण व्यवस्था को पूरी गंभीरता और प्रभावशीलता के साथ लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही पर कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर व्यास ने सभी शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि जिन शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति बिना किसी ठोस कारण के दर्ज नहीं होगी, उन्हें वेतन का भुगतान नहीं किया जाएगा। बैठक में कलेक्टर विद्यार्थियों को गणवेश वितरण का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने तथा सभी छात्रों को समय पर पाठ्यपुस्तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ से ही पढ़ाई सुचारू रूप से संचालित हो सके। उन्होंने कहा कि नए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की अपार आईडी तत्काल बनाई जाए और इस कार्य में किसी प्रकार की देरी न हो। कलेक्टर व्यास ने विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में जर्जर भवनों में कक्षाओं का संचालन न किया जाए।

# श्री सप्तदेव मंदिर में निःशुल्क मूर्ति पेंटिंग प्रशिक्षण 21 जून को सम्पन्न



**कोरबा।** श्री सप्तदेव सेवा समिति कोरबा, श्री सप्तदेव मंदिर महिला मंडल समिति कोरबा, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन (महिला मंडल समिति) तथा कोरबा मारवाड़ी महिला मंडल समिति के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 21 जून 2026 (रविवार) को प्रातः 9.30 बजे श्री सप्तदेव मंदिर परिसर में निःशुल्क मूर्ति पेंटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसा पर नगर के छोटे छोटे बच्चे बडी संख्या में उपस्थित होकर इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आनंद लिया। इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रसिद्ध विद्वान एवं धर्माचार्य पंडित शरद दीक्षित महाराज द्वारा मूर्ति पेंटिंग की विभिन्न विधियों एवं तकनीकों का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मूर्तियों के रंग-रूप, सज्जा, सौंदर्यीकरण तथा कलात्मक अभिव्यक्ति से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम का उददेश्य बच्चों, युवाओं एवं कला के प्रति रुचि रखने वाले नागरिकों में सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करना तथा भारतीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक कला के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को मूर्ति पेंटिंग की बारीकियों को समझने और व्यावहारिक रूप से सीखने का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर उपस्थित श्री सप्तदेव मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी अशोक मोदी एंव राजा मोदी ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल कला एवं संस्कृति के संरक्षण में सहायक होते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं और धार्मिक विरासत से जोड़ने का भी महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित समस्त बच्चो को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर राजा मोदी ने बच्चों के साथ अन्य संस्थाओं के उपस्थित समस्त पदाधिकारीगणों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सरला मित्तल, प्रीति मोदी, शिखा मोदी, आकांक्षा चंदेल, सोनू अग्रवाल, स्निग्धा अग्रवाल एवं विजय गोयनका की गरिमामयी उपस्थिति थी।

# एग्रीस्टैक पंजीयन में लापरवाही पर होगी कार्रवाई किसानों को समय पर मिले खाद-बीज : कलेक्टर

- राजस्व विभाग की समीक्षा में सभी प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण के दिए निर्देश



**जशपुरनगर।** कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक लेकर विभागीय कार्यों और विकास योजनाओं की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों का एग्रीस्टैक पोर्टल पर शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह कार्य निर्धारित समय-सीमा में अनिवार्य रूप से पूरा करें। पंजीयन कार्य में अनावश्यक विलंब पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने को कहा। कलेक्टर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गांवों में जाकर किसानों से सीधे संपर्क स्थापित कर एग्रीस्टैक पंजीयन कराने तथा इस कार्य में अपेक्षित सहयोग नहीं देने वाले बीएलई के विरुद्ध भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने रासायनिक खाद एवं बीज के भंडारण और वितरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने किसानों को समय पर खाद एवं बीज उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कहा कि कृषि कार्यों में किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए। उन्होंने निजी उर्वरक एवं बीज विक्रय केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने तथा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर खाद बेचने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए दुकानों को सील करने के निर्देश दिए। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड का शत-प्रतिशत निर्माण सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के संदिग्ध प्रकरणों की जांच शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि अपात्र हितग्राहियों के नाम विलोपित किए जाएं, ताकि योजना का लाभ केवल पात्र किसानों को ही मिल सके। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर व्यास ने आधार एवं मोबाइल नंबर अद्यतन, किसान किताब प्रविष्टि, अविवादित एवं फौती नामांतरण, नक्शा अद्यतन, बटांकन, सीमांकन, ई-नामांतरण, स्वामित्व योजना, अभिलेख दुरुस्तीकरण, अभिलेख शुद्धता, व्यपवर्तन तथा राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की।

# ग्राम पंचायत में स्वच्छता चौपाल का आयोजन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर गंभीर चर्चा

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा महोदय के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वच्छता चौपाल का आयोजन जिले में सोमवार से शुरू हुआ। प्रत्येक



जनपद पंचायत में प्रतिदिन 5 ग्राम पंचायत में स्वच्छता चौपाल का कार्यक्रम किया जाएगा। स्वच्छता चौपाल में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 पर विशेष चर्चा ग्रामीणों से किया जा रहा है। इसमें चार प्रकार के कचरे को घर स्तर पर ही अलग-अलग करना, सेग्रीगेशन शेड में ले जाकर अलग हुए कचरे को अलग अलग ही पैक कर प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट तक पहुंचाना, रिसाइकलर या कबाड़ी वाले को बेचना किसी भी प्रकार के पॉलिथीन को जलने पर मना करना, लोगों को समझाइश देना शामिल है। इसके साथ ही यूजर चार्ज लिए जाने पर भी चर्चा किया जा रहा है। गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिये कचरे का ढेर कम से कम हो,ठोस कचरे का प्रबंधठु और महत्व हमारे जीवन में यह क्या महत्व पर विस्तृत रूप से स्वच्छता चौपाल में चर्चा किया जा रहा है।

# चार धामों के तीर्थयात्री का मठ मंदिर में हुआ आस्था व श्रद्धा से सम्मान व स्वागत



**धमतरी।** सनातन धर्मावलंबियो में अपने जीवन काल को धन्य बनाकर मानव जीवन को सार्थकता प्रदान करने के लिए दान, पुण्य, गंगा स्नान के साथ ही जीवन में एक बार तीर्थ यात्रा किए जाने की गौरवशाली परंपरा, मान्यताएं, संस्कारिक तथा पौराणिक दर्शन में समाहित है। इसी का अनुसरण करते हुए इस भावनाओं को आगे बढ़ाकर आने वाली पीढ़ी में धर्म, संस्कृति, अध्यात्म के प्रति समर्पण का भाव का संदेश लेकर चार धाम यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ एवं बद्रीनाथ तीर्थ यात्रा करते हुए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता महेंद्र पंडित की माता पदमा देवी शर्मा 80 वर्ष एवं पिता जगदीश प्रसाद शर्मा 87 वर्ष तथा भांजे तनिष्क शर्मा की वापसी हुई तो, शहर में अनेक धार्मिक स्थलों के चौक के चारों ओर विराजमान होने के कारण ही एक महत्वपूर्ण पवित्रता का परिचायक के रूप में पवित्र स्थल मठ मंदिर चौक पर जब आगमन हुआ तो यहां पर उपस्थित श्रद्धालुओं तथा भक्तों ने पूरी आस्था एवं श्रद्धा के साथ इन तीर्थ यात्रियों का सम्मान करते हुए स्वागत किया। धर्ममय इस अद्भुत, अलौकिक तथा अद्वितीय क्षण के साक्षी बनने वालों के आंखों में भक्ति भाव से अश्रु भर आए थे, क्योंकि अवसर था जिंदगी के सारे सोपानों को पार करने के बाद उम्र के अंतिम पहर के पड़ाव में भी भगवान के प्रति अटूट श्रद्धा, अद्भुत भक्ति ने सारी बाधाओं को पार करते हुए केदारनाथ, बद्रीनाथ जैसे कठिन, दुर्गम क्षेत्र की तप से भरी हुई तीर्थ की इस यात्रा को पूरी करते हुए सभी के बीच पहुंचकर फिर से अपना स्नेह, आशीर्वाद, दुलार प्यार, प्रदान किए हैं। गौरतलब है कि महेंद्र पंडित का परिवार पारंपरिक रूप से मठ मंदिर, सिद्धि विनायक गणेश मंदिर, भगवान जगन्नाथ मंदिर सहित शहर के अनेक धार्मिक स्थलों, व्यवस्थागत ट्रस्ट तथा उनमें होने वाले समय.समय पर विभिन्न आयोजनों से जुड़कर सार्वजनिक एवं धार्मिक धरातल पर अपनी सेवाएं समर्पित करते आ रहा है जिसके कारण यह परिवार हिंदुत्व, धर्म एवं संस्कृति के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है और आज के तीर्थ यात्रियों के स्वागत में भी यही भाव उपस्थित जनों के बीच में देखने को मिला।

### बद्री विशाल के दर्शन मात्र से मिलता है मोक्ष-पं राजेश शर्मा

शर्मा दंपति के तीर्थ यात्रा से लौटने पर हुए भव्य स्वागत में पं.राजेश शर्मा ने कहा सनातन धर्म कि यह सबसे पवित्र यात्रा है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार मनुष्य जीवन में एक बार बद्री, केदार भगवान के दर्शन करने से मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। वृद्धावस्था के बावजूद शर्मा दंपति का उम्र के इस पड़ाव पर बद्री, केदार यात्रा करना सनातन धर्म के प्रति अटूट आस्था और श्रद्धा का एक प्रेरणा के रूप में समाज को मार्गदर्शित करती है। महेंद्र पंडित ने वृद्धावस्था में अपने माता.पिता की सेवा कर एक उदाहरण प्रस्तुत किया है जो सनातन धर्म के प्रति आसक्ति और सुचिता का प्रतीक है।

### माता, पिता की चारधाम यात्रा मेरे जीवन का धार्मिक, ाध्यात्मिक व गौरवशाली क्षण-महेंद्र पंडित

माता-पिता के चार धाम तीर्थ यात्रा किए जाने के पश्चात शहर आगमन पर उनके सुपुत्र महेंद्र पंडित ने भावुक होकर कहा कि भागमभाग के इस जीवन में शारीरिक रूप से भले ही थोड़े कमजोर हो लेकिन भगवान की दी हुई शक्ति तथा शौर्य के कारण मजबूत आत्मिक इस यात्रा को सफलता के सोपान पर चढ़ाया है। जो मेरे जीवन के लिए धार्मिक, आध्यात्मिक एवं गौरवशाली क्षण निर्मित कर रहा है। महेंद्र पंडित ने उपस्थितजनों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद भी दिया।पुण्य तीर्थ यात्रियों के स्वागत सत्कार करने प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पं राजेश शर्मा, पूर्व नगर निगम सभापति राजेंद्र शर्मा, दिलीप राज सोनी, योगेश गांधी, गुप्ता दाऊ राधेश्याम अग्रवाल, अनिल खंडेलवाल, सुबोध राठी, आनंद पवार, दीप शर्मा, विकास शर्मा, लोकेश जग, योगेश रायचूरा, पिंटू यादव, अखिलेश सोनी, नील पटेल, राकेश सोनवानी, भागवत यादव, नंदू लोधी, रानू डागा, विजय मोटवानी, राजीव सिन्हा, आनंद पिंजनी, राजीव चंद्राकर, डिगेश शर्मा, संतोष सोनकर, विजय मोटवानी, मनोज सोनी, बालकिशन सोनी, चंद्रकला पटेल, बरखा शर्मा, विशाल त्रिवेदी, सीमा चौबे, रुक्मणी सोनकर।

# सूखा नाला की सफाई व गहरीकरण से किसानों में खुशी, दो भाइयों की पहल बनी मिसाल



**भंवरपुर।** क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। ग्राम मुनगाडीह निवासी हरे कृष्ण बंजारे एवं रतन बंजारे ने अपनी निजी पहल से बड़ेसाजापाली क्षेत्र के सूखा नाला की सफाई एवं गहरीकरण का कार्य कराया है, जिससे क्षेत्र में जल संरक्षण की नई उम्मीद जगी है। जानकारी के अनुसार लगभग 1 किलोमीटर लंबाई के नाला का करीब 2 लाख रुपये की लागत से गहरीकरण कराया गया। इसके लिए दोनों भाइयों ने सिंगबहाल से पोकलेन एवं जेसीबी मशीन मंगवाकर लगभग एक सप्ताह तक लगातार कार्य कराया। नाला को लगभग 5 फीट तक गहरा किए जाने के बाद उसमें जलस्रोत उभर आया और पानी का संचय होने लगा है। बंजारे बंधुओं ने बताया कि भीषण गर्मी के दौरान इस नाला में उपलब्ध पानी से पशु-पक्षियों तथा जंगली जानवरों को पेयजल की सुविधा मिलेगी। वहीं बरसात के दिनों में नाला में जल संचय होने से मुनगाडीह, केवटापाली एवं सलखंड क्षेत्र के किसानों की लगभग 2 सौ एकड़ कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा मिलने की संभावना है। सूखा नाला की सफाई एवं गहरीकरण से क्षेत्र के किसानों में भारी उत्साह और खुशी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यह कार्य जल संरक्षण के साथ-साथ कृषि उत्पादन बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। किसानों और ग्रामीणों ने हरे कृष्ण बंजारे एवं रतन बंजारे के इस सराहनीय एवं साहसिक कदम की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि इसी प्रकार जनसहयोग से जल संरक्षण के कार्य किए जाएं तो क्षेत्र में जल संकट की समस्या काफी हद तक दूर हो सकती है।

# संपत्ति कर में 6 प्रतिशत छूट पाने का अंतिम मौका, 30 जून तक टैक्स पटाकर उठाएं लाभ

- नगर निगम दुर्ग ने करदाताओं से समय पर टैक्स जमा करने की अपील की।



**दुर्ग (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा शहर के समस्त करदाताओं को सूचित किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए संपत्तिकर (प्रॉपर्टी टैक्स) का भुगतान 30 जून 2026 तक करने वाले करदाताओं को नियमानुसार 6 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जाएगी। निगम प्रशासन ने नागरिकों से इस सुविधा का लाभ उठाते हुए निर्धारित तिथि के पूर्व अपना कर जमा करने की अपील की है।

नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि समय पर कर भुगतान से न केवल करदाताओं को आर्थिक लाभ प्राप्त होगा, बल्कि शहर में चल रहे विकास एवं जनसुविधा कार्यों के लिए आवश्यक राजस्व भी उपलब्ध होगा। निगम द्वारा नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कर भुगतान की प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाया गया है, ताकि करदाता बिना किसी परेशानी के अपना कर जमा कर सकें।

नागरिक नगर निगम कार्यालय में उपस्थित होकर नकद (कैश) के माध्यम से कर जमा कर सकते हैं। इसके अलावा यूपीआई (UPI), एनईएफटी (NEFT), आरटीजीएस (RTGS) सहित विभिन्न डिजिटल माध्यमों से भी भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। करदाता घर बैठे ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भी अपना संपत्तिकर जमा कर सकते हैं।

नगर निगम दुर्ग ने सभी करदाताओं से आग्रह किया है कि वे अंतिम दिनों की भीड़ से बचने के लिए 30 जून 2026 से पूर्व अपना संपत्तिकर जमा करें तथा 6 प्रतिशत छूट का लाभ प्राप्त करें।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे रामगढ़ महोत्सव का शुभारंभ

- 29-30 जून को होगा दो दिवसीय आयोजन
- मंत्री राजेश अग्रवाल ने तैयारियों का लिया जायजा



**रायपुर (विश्व परिवार)।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने गुरुवार को सरगुजा जिले के विकासखंड उदयपुर स्थित रामवनगमन पर्यटन परिपथ एवं विश्व की प्राचीनतम नाट्यशाला रामगढ़ का विस्तृत स्थल निरीक्षण कर महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आयोजन स्थल पर पहुंचकर विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित होने वाला यह महोत्सव प्रदेश की सांस्कृतिक अस्मिता का महत्वपूर्ण उत्सव होगा, इसलिए आयोजन की प्रत्येक व्यवस्था सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं आकर्षक होनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री अग्रवाल ने सीताबेंगरा, हाथी पोल, हेलीपैड, मुख्य मंच, पार्किंग स्थल, पंडाल, बैठक व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, स्वच्छता, यातायात प्रबंधन तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए जाने वाले प्रदर्शनी एवं विभागीय स्टॉलों की तैयारियों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने विशेष रूप से सीताबेंगरा और हाथी पोल क्षेत्र में पर्यटकों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# लोकतंत्र का गला घोंटने वाली कांग्रेस आज लोकतंत्र की बात कर रही है : कश्यप



**रायपुर (विश्व परिवार)।** वनमंत्री केदार कश्यप ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस के पास जनता से जुड़े कोई ठोस मुद्दे नहीं बचे हैं, इसलिए वह निराधार आरोप लगाकर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है।

आपातकाल और लोकतंत्र के मुद्दे पर मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि बेशर्म वह पार्टी है, जो इतिहास की सच्चाई स्वीकार नहीं कर पाती। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र है, इसलिए देश की नई पीढ़ी को यह जानना भी आवश्यक है कि इसी देश में कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटते हुए आपातकाल थोपा था। उस दौर में लोकतंत्र की आवाज़ उठाने वाले हजारों लोगों, पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को जेलों में डालकर प्रताड़ित किया गया। उन्होंने कहा कि यह इतिहास केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि नई पीढ़ी को लोकतंत्र के संघर्ष, उसके महत्व और उसकी रक्षा के दायित्व को भी समझना चाहिए। लोकतांत्रिक मूल्यों को व्यवहारिक जीवन में उतारना ही सच्चे लोकतंत्र की पहचान है।

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभकारी बनाने के लिए फसल परिवर्तन को प्रोत्साहित कर रही है। इसके तहत दलहन और तिलहन जैसी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रति हेक्टेयर 15 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है।

# मन की बात कार्यक्रम समिति की बैठक संपन्न



**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बुधवार प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम को लेकर नवगठित प्रदेश स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई।जिसमें कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु दिशा निर्देश दिए गए व आगामी 28 जून को 135वाँ एपिसोड सभी बूथों में श्रवण करे उस पर दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मन की बात कार्यक्रम के प्रभारी प्रीतेश गांधी एवं प्रदेश सदस्य सुश्री मनीभास्कर गुप्ता, राजू महंत, भूपेंद्र नाग, अंकित जायसवाल, प्रखर मिश्रा, नितेश मिश्रा, राजू महंत प्रदेश उपस्थित रहे।

# उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा की मौजूदगी में उत्साहपूर्वक मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

- शाला प्रवेशोत्सव में गूंजे शिक्षा और संस्कार के स्वर, विधायक पुरंदर मिश्रा ने किया विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन




**रायपुर (विश्व परिवार)।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, त्रिमूर्ति नगर में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम उत्साह, उल्लास और संस्कारों के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा शामिल हुए। उन्होंने माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के नन्हे विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई। इसके पश्चात बच्चों ने मधुर स्वर में स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। विद्यालय परिसर बच्चों की मुस्कान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और शिक्षा के उत्सव से सराबोर नजर आया।

अपने संबोधन की शुरुआत विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने जय श्रीराम एवं जय जगन्नाथ स्वामी के जयघोष के साथ की। उन्होंने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकें वितरित कीं और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए निरंतर अध्ययन एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से डॉ. प्रेमासाई महाराज की सौजन्य भेंट



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय से मां मातंगी दिव्य धाम के पीठाधीश परम पूज्य डॉ. प्रेमासाई जी महाराज ने मुख्यमंत्री निवास में सौजन्य भेंट कर विभिन्न समसामयिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक विषयों पर सार्थक चर्चा की।

परम् पूज्य महाराज जी ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सुशासन, विकास एवं सांस्कृतिक पुनर्जागरण की दिशा में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार सनातन संस्कृति, भारतीय परंपराओं और सामाजिक मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर सकारात्मक प्रयास कर रही है। उन्होंने विशेष रूप से धर्म स्वातंर्त्य अधिनियम जैसे ऐतिहासिक एवं जनहितकारी निर्णयों की सराहना करते हुए इसे सांस्कृतिक अस्मिता एवं धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी ने कहा कि डॉ. प्रेमासाई महाराज जी द्वारा प्रदेश में धर्म, संस्कृति एवं आध्यात्मिक मूल्यों के संरक्षण और संवर्धन के साथ-साथ सेवा, सद्भाव, नैतिक चेतना तथा मानवीय मूल्यों के प्रसार हेतु किए जा रहे प्रेरणादायी कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें समाज के लिए अनुकरणीय बताया।

परम पूज्य डॉ. प्रेमासाई जी महाराज ने अपने बस्तर प्रवास के अनुभव मुख्यमंत्री के साथ साझा किया।

# विकास उपाध्याय की अगुवाई में सैकड़ों कांग्रेसी विमानतल पहुंचे

- रायपुर में एआईसीसी महामंत्री के.सी. वेणुगोपाल का भव्य स्वागत



**रायपुर (विश्व परिवार)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महामंत्री के.सी. वेणुगोपाल के रायपुर आगमन पर पूर्व संसदीय सचिव एवं छाया सांसद विकास उपाध्याय ने हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ रायपुर एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया।

के.सी. वेणुगोपाल जी कार्यक्रम स्थल पहुंचे जहां ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं एवं जयघोष के साथ उनका आत्मीय अभिनंदन किया गया। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कि के.सी. वेणुगोपाल जी के स्वागत के लिए रायपुर एयरपोर्ट में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। हजारों की संख्या में कांग्रेसजनों ने महामंत्री जी का अभिनंदन किया तथा उनके प्रति अपना स्नेह और समर्थन व्यक्त किया।

# एम्स रायपुर में 'नशा मुक्त भारत अभियान- विकसित भारत की पहचान' के अंतर्गत जागरूकता सप्ताह संपन्न



**रायपुर (विश्व परिवार)।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर में 17 से 25 जून 2026 तक नशा मुक्त भारत अभियान-विकसित भारत की पहचान विषय पर एक जागरूकता सप्ताह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के तहत और अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निक दिवस के अवसर पर आयोजित इस अभियान का उद्देश्य देश भर में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति व्यापक जागरूकता बढ़ाना, इसके रोकथाम, उपचार, पुनर्वास तथा समुदाय आधारित सहभागिता को प्रोत्साहित करना था। सप्ताह भर चली इस पहल के हिस्से के रूप में, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एम्स रायपुर में एक विशाल नशामुक्ति शपथ दिलाई गई, जिससे सैकड़ों की संख्या में प्रतिभागी जुड़े। इसके अलावा, संस्थान के विभिन्न विभागों, प्रशासनिक कार्यालयों, बाह्य रोगी विभाग और आंतरिक रोगी विभाग परिसरों में भी डॉक्टरों, नर्सिंग अधिकारियों और अन्य स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों द्वारा सामूहिक शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए गए ताकि नशामुक्त समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दोहराया जा सके।

# लखनऊ अग्निकांड के बाद, सिविक सेंटर के कोचिंग सेंटरों की जांच

**भिलाईनगर।** हाल ही में लखनऊ के अलीगंज स्थित एक एनीमेशन एवं कोचिंग सेंटर में भीषण आग लगने से 15 विद्यार्थियों की मृत्यु की घटना के बाद नगर पालिक निगम भिलाई ने शहर के कोचिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था की जांच शुरू कर दी है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर निगम की टीम ने भिलाई के एजुकेशन हब कहे जाने वाले सिविक सेंटर स्थित विभिन्न कोचिंग सेंटरों में दबिश देकर सुरक्षा मानकों का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान निगम अधिकारियों ने कोचिंग संस्थानों में अग्निशमन उपकरण, आपातकालीन निकास द्वार, विद्युत सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य सुरक्षा सुविधाओं सहित मापदण्ड का जायजा लिया। टीम द्वारा संचालकों को निर्धारित प्रपत्र (फार्म) वितरित किए गए हैं, जिसमें संस्थानों की सुरक्षा संबंधी पूरी जानकारी भरकर 20 दिनों के भीतर निगम को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच के दौरान कुछ कोचिंग संस्थानों में आवश्यक सुरक्षा सुविधाएं उपलब्ध नहीं पाई गईं। सुरक्षा मानकों की अनदेखी को गंभीरता से लेते हुए निगम ने ऐसे संस्थानों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उन्हें सीलबंद कर दिया।

# ट्रेड लाइसेंस शुल्क वृद्धि पर कैट की पहल, डीप्टी सीएम अरुण साव ने दिया सकारात्मक आश्वासन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन श्री अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन श्री जितेन्द्र दोशी, श्री विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष श्री परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन श्री सुरिन्दर सिंह, श्री जीवत बजाज, महामंत्री श्री अवनीत सिंह, कोषाध्यक्ष श्री विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेन्द्र जग्गी, श्री वासु माखीजा, श्री राम मंधान, श्री भरत जैन, श्री राकेश ओचवानी एवं श्री शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाईस चेयरमेन श्री अमर पारवानी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव जी से सौजन्य मुलाकात कर छत्तीसगढ़ नगरपालिका व्यापार अनुज्ञापन (ट्रेड लाइसेंस) नियम, 2025 के अंतर्गत व्यापार अनुज्ञापन शुल्क में की गई वृद्धि के संबंध में व्यापारियों की चिंताओं से अवगत कराया।

CAIT छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री महोदय को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि प्रदेश का व्यापारी वर्ग राज्य की अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन तथा राजस्व वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में व्यापार अनुज्ञापन शुल्क में अत्यधिक वृद्धि से विशेष रूप से छोटे एवं मध्यम व्यापारियों, पारिवारिक व्यवसायों तथा स्थानीय बाजारों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ सकता है। व्यापार करने की सुगमता (Ease of Doing Business) को ध्यान में रखते हुए शुल्क संरचना का युक्तिसंगत एवं व्यावहारिक होना आवश्यक है। CAIT ने आग्रह किया कि नवीन शुल्क संरचना की पुनर्समीक्षा कर व्यापारी हितों एवं व्यावहारिक आवश्यकताओं के अनुरूप संतुलित व्यवस्था बनाई जाए। उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव जी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा विषय पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया।

# विश्व पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान की ओर बढ़ेगा सिरपुर

- पर्यटन विभाग के सचिव डॉ. एस. भारती दासन की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर सिरपुर को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर विशिष्ट पहचान दिलाने की दिशा में राज्य सरकार ने एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। पर्यटन विभाग के सचिव डॉ. एस. भारती दासन की अध्यक्षता में मंत्रालय में आयोजित सिरपुर एकीकृत विकास परियोजना संबंधी अंतर्विभागीय समिति की द्वितीय बैठक में सिरपुर के समग्र विकास, पर्यटन अधोसंरचना के विस्तार और विश्वस्तरीय विरासत गंतव्य के रूप में विकसित करने के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, जिला प्रशासन महासमुंद, सिरपुर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, वन विभाग सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में प्रथम बैठक के निर्णयों पर हुई प्रगति की समीक्षा करते हुए पर्यटन सचिव ने सभी विभागों को समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सिरपुर को यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में मिश्रित श्रेणी में शामिल कराने के लिए तैयार प्रस्ताव को शीघ्र अंतिम रूप दिया जाए तथा एकीकृत विकास की कार्ययोजना को निर्धारित समय-सीमा में आगे बढ़ाया जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सिरपुर की समृद्ध बौद्ध, जैन और हिंदू विरासत को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने के लिए सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। पर्यटकों को बेहतर अनुभव उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रशिक्षित स्थानीय गाइडों की सूची तैयार कर छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड को उपलब्ध कराने, गाइडों के न्यूनतम शुल्क निर्धारित करने तथा लक्ष्मण मंदिर, पर्यटन सूचना केंद्र और अन्य प्रमुख स्थलों पर उनकी सूची एवं संपर्क विवरण प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही स्थानीय गाइडों को विभिन्न विदेशी भाषाओं का प्रशिक्षण देने तथा प्रशिक्षित गाइडों को पर्यटन सूचना केंद्रों एवं पुरातत्व संस्थानों में अवसर उपलब्ध कराने पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक में सिरपुर आने वाले पर्यटकों के लिए नए आकर्षण विकसित करने का भी निर्णय लिया गया। इसके तहत कोडार डैम और रायकेश तालाब में स्व-सहायता समूहों के माध्यम से बांस राफ्टिंग, नौकायन तथा कैंटीन संचालन जैसी गतिविधियां प्रारंभ की जाएंगी, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, शुक्रवार 26 जून 2026



## रेवाडीह वार्ड में महारानी रानी दुर्गावती बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रेवाडीह वार्ड में महान वीरांगना, स्वाभिमान एवं मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाली महारानी रानी दुर्गावती जी की 462वीं पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। उपस्थित जनों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके अद्वितीय शौर्य, त्याग एवं राष्ट्रभक्ति को नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री लेखराम मात्रा जी ने की। उन्होंने समाज को अपनी संस्कृति, स्वाभिमान और अधिकारों की रक्षा हेतु जागरूक रहने का संदेश दिया।

## कु. पहल जैन रारा ने सीए इंटर के दोनों ग्रुप किए उत्तीर्ण



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण के बल पर कु. पहल जैन रारा ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी (CA) इंटरमीडिएट परीक्षा के दोनों ग्रुप प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। कु. पहल फाफाडीह रायपुर निवासी श्री पवन रारा- श्रीमती सरोज रारा की सुपौत्री तथा श्री प्रवीण रारा एवं श्रीमती निधि रारा की सुपुत्री हैं।

पहल की इस उपलब्धि से पूरे जैन रारा परिवार में हर्ष का वातावरण है। परिवारजनों एवं शुभचिंतकों ने इसे परिवार के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए पहल को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## शालीमार-एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफ़र्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 18030/18029 शालीमार-एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा में सफल ट्राइबल यूथ हॉस्टल के विद्यार्थियों से की मुलाकात

# युवा शक्ति की सफलता विकसित छत्तीसगढ़ की नई पहचान: साय

- दूरस्थ जनजातीय एवं ग्रामीण अंचलों के युवाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर दर्ज कराई दमदार मौजूदगी*



**नई दिल्ली ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की प्रारंभिक परीक्षा में सफल हुए ट्राइबल यूथ हॉस्टल, द्वारका के विद्यार्थियों से आत्मीय मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के मेहनतकश परिवारों के सपनों और संघर्ष का सम्मान भी है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इन विद्यार्थियों की सफलता इस बात का सशक्त प्रमाण है कि प्रतिभा कभी भी आर्थिक संसाधनों या पारिवारिक पृष्ठभूमि की मोहताज नहीं होती। किसी के पिता राजमिस्त्री हैं, कोई किसान परिवार से है तो कोई शिक्षक का बेटा है, लेकिन इन सभी ने अपनी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर देश की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षा के प्रथम चरण में सफलता प्राप्त की है। यह पूरे प्रदेश, विशेषकर युवाओं के लिए प्रेरणादायी उदाहरण है।

मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से उनकी तैयारी, अध्ययन पद्धति, संघर्ष और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। विद्यार्थियों ने ट्राइबल यूथ हॉस्टल में उपलब्ध अध्ययन वातावरण, मार्गदर्शन और सुविधाओं के अनुभव साझा किए तथा बताया कि राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए अनुकूल माहौल ने उन्हें बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें हासिल करने का आत्मविश्वास दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने विद्यार्थियों से कहा कि प्रारंभिक परीक्षा की सफलता एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, लेकिन वास्तविक लक्ष्य मुख्य परीक्षा और उसके बाद साक्षात्कार में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को पूरी निष्ठा, अनुशासन, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच के साथ तैयारी करने की सलाह देते हुए कहा कि कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता और निरंतर प्रयास ही सफलता का सबसे बड़ा आधार है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासनिक सेवाएं केवल एक प्रतिष्ठित करियर नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपेक्षा की कि वे भविष्य में प्रशासनिक दायित्व निभाते समय संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जनसेवा की भावना को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे तथा अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी और बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विशेष रूप से दूरस्थ एवं आदिवासी अंचलों के प्रतिभाशाली युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए अनेक पहल की जा रही हैं, ताकि प्रतिभा संसाधनों के अभाव में कभी पीछे न रह जाए। उन्होंने कहा कि द्वारका स्थित ट्राइबल यूथ हॉस्टल इसी सोच का परिणाम है, जहां प्रदेश के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिभाशाली विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं।

## छग की धरती को बंजर होने से बचाना है तो प्राकृतिक और जैविक खेती अपनाना ही होगा: सांसद बृजमोहन




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** धरती की उर्वरकता और स्वस्थ पीढ़ी के लिए जैविक खेती को अपनाना हमारी जिम्मेदारी है यह कहना है रायपुर लोकसभा सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री बृजमोहन अग्रवाल का जिन्होंने गुरुवार को भाटापारा में आयोजित %राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन - तिलहन (हरूध्वह्र-हरू)% अंतर्गत जिला स्तरीय तिलहन मेला सह जैविक कृषि कार्यशाला में शामिल होकर हुए किसानों को पारंपरिक और वैज्ञानिक खेती के समावेश का मूल मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि केवल धान की फसल पर निर्भरता न केवल हमारी भूमि की उर्वरक शक्ति को कम कर रही है, बल्कि भविष्य के लिए एक बड़ा संकट पैदा कर रही है।

सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, आज जब से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी और ?3100 प्रति क्विंटल का समर्थन मूल्य दिया जा रहा है, तब से एक स्थिति यह भी बन गई है कि अधिकांश किसान केवल धान की खेती तक सीमित होकर रह गए हैं। हर तरफ केवल धान, धान, धान और धान की ही खेती हो रही है। बाकी फसलों का उत्पादन लगभग बंद होता जा रहा है। हमें विचार करना होगा कि क्या केवल धान की खेती से भविष्य में काम चल पाएगा? एक समय ऐसा भी आ सकता है जब हमारी जमीन का पानी सूख जाएगा। धान ऐसी फसल है जिसमें सबसे अधिक पानी की आवश्यकता होती है। छत्तीसगढ़ में आज पानी की कमी नहीं है, लेकिन पहले हमारे गांवों में पांच-पांच, दस-दस तालाब हुआ करते थे। आज वे तालाब सूख रहे हैं, समाप्त होते जा रहे हैं।

## आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय, संविधान की आत्मा को कुचलने का हुआ था प्रयास : मुख्यमंत्री साय



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के अवसर पर सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए वर्ष 1975 में लगाए गए आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय बताया। वीडियो में आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक अधिकारों पर हुए प्रतिबंध, बड़े पैमाने पर हुई गिरफ्तारियों, प्रेस सेंसरशिप, लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष तथा संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के संदेश को प्रमुखता से दर्शाया गया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने सत्ता के अहंकार में संविधान की आत्मा को कुचलते हुए पूरे देश पर आपातकाल थोप दिया था। आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक संस्थाओं, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नागरिक अधिकारों पर गंभीर प्रहार हुआ।

MISA जैसे दमनकारी कानूनों के तहत हजारों लोकतंत्र सेनानियों, पत्रकारों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं को जेलों में बंद कर उनकी आवाज दबाने का प्रयास किया गया, लेकिन लोकतंत्र के रक्षकों का साहस और संकल्प अडिग रहा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित किया जाना उन सभी लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष और बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि है। इससे नई पीढ़ी भारतीय लोकतंत्र के उस काले अध्याय को जान सकेगी और संविधान तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के प्रति अधिक जागरूक होगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने भी लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान को पुनर्स्थापित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा बंद की गई सम्मान निधि को पुनः प्रारंभ करते हुए बकाया राशि का भुगतान किया गया तथा लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक-2025 पारित कर उनके सम्मान को कानूनी संरक्षण प्रदान किया गया।

## निगम बीरगांव में पीएम स्वनिधि लोक कल्याण मेला आयोजन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज दिनांक 25/06/2026 को नगर पालिक निगम बीरगांव मे माननीय महापौर महोदय, माननीय आयुक्त महोदय की अध्यक्षता मे प्रधान मंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत लोक कल्याण मेला आयोजित किया गया। 1)जिसमे सभी सभी बैंको के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया!सभी हितग्राहियों के द्वारा अपने आवेदन अपने अपने बैंको के प्रनिधियों को सौंपा गया! नगर पालिक निगम के आयुक्त महोदय के द्वारा सभी आवेदनों के निराकरण 10 दिन अंदर करने के आदेश दिए गए है। 2) सभी हितग्राहियों की upi id बनवाई गई! 3) सभी हितग्राहियों के बैंको से सम्बंधित समस्याओ का तत्काल निराकरण किया गया! 4) सभी हितग्राहियों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना और क्रेडिट कार्ड की स्कीम के बारे मे समझाया गया। 5) प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत नये आवेदन भरवाए गए। नगर पालिक निगम मे माननीय महापौर महोदय और माननीय आयुक्त महोदय द्वारा हितग्राहियों से चर्चा कर उन्हें समझाइश दी।

## प्रबंधक ने रेल परिचालन की संरक्षा के प्रति जागरूक जनमानस को किया सम्मानित



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मंडल रेल प्रबंधक श्री दयानंद ने रेल परिचालन की संरक्षा के प्रति जागरूक टी सूर्याराव, ब्यूरो प्रभारी, नईदुनिया भिलाई-दुर्ग एवं चंद्रकांत श्रीवास्तव, सीनियर रिपोर्टर, नईदुनिया भिलाई को स्मृति चिह्न, प्रमाणपत्र एवं शॉल देकर सम्मानित किया। इनकी जागरूकता के कारण भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन पर दिनांक 22 मई 2026 की रात रेलवे ट्रैक में आई गंभीर तकनीकी खामी को समय रहते भाप कर सामाजिक जिम्मेदारी निभाई। इन्होंने तुरंत ही रायपुर रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अवधेश कुमार त्रिवेदी के संज्ञान में उक्त घटना को लाया जिस पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने संबंधित विभागों से समन्वय कर तत्काल मरम्मत कार्य कर संभावित हादसे को टाल दिया गया।

## डोंगरगांव की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी, बना नगर पालिका, राज्य शासन ने जारी की अधिसूचना



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राज्य शासन ने डोंगरगांववासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी करते हुए डोंगरगांव नगर पंचायत का नगर पालिका के रूप में उन्नयन कर दिया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। डोंगरगांव नगर पंचायत की सीमाएं ही डोंगरगांव नगर पालिका की सीमाएं होंगी। राज्य शासन के इस निर्णय से पूरे शहर में खुशी एवं उत्साह का वातावरण है।

डोंगरगांव नगर पंचायत के नगर पालिका में उन्नयन के बाद वहां के जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने आज उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव से मुलाकात कर आभार व्यक्त किया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि इससे डोंगरगांव के सुनियोजित विकास को नई दिशा मिलेगी तथा शहरी सुविधाओं के विस्तार के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध होंगे।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने डोंगरगांव के जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों को बधाई देते हुए कहा कि नगर पालिका बनने के बाद डोंगरगांव में सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट, उद्यान, सामुदायिक भवन सहित विभिन्न आधारभूत सुविधाओं के विकास को गति मिलेगी। साथ ही राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ भी अधिक प्रभावी ढंग से नगरवासियों तक पहुंच सकेगा।

## आवास मेला-2025 के लक्की ड्रॉ विजेताओं को 26 जून को वितरित होंगे उपहार

- मुख्यमंत्री साय करेंगे नवीन लोगो का विमोचन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी करेंगे प्रेस वार्ता को संबोधित




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय आवास मेला-2025 के अंतर्गत लक्की ड्रॉ में चयनित हितग्राहियों को उपहार वितरण समारोह 26 जून 2026 को न्यू सर्किट हाउस परिसर, नवा रायपुर अटल नगर में आयोजित किया जाएगा। इसी अवसर पर मंडल के नवीन लोगो का भी विमोचन किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि मंडल द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय आवास मेला-2025 तथा 23 नवम्बर 2025 से 31 दिसम्बर 2025 तक विभिन्न आवासीय एवं व्यावसायिक योजनाओं में पंजीयन कर भवन आबंटन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों के लिए 22 जून 2026 को विशेष लक्की ड्रॉ आयोजित किया गया था। इस ड्रॉ में विजेताओं का चयन मारुति स्विफ्ट कार, होंडा शाइन मोटरसाइकिल, होंडा एक्टिवा स्कूटी, वाशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर, टेलीविजन सहित अनेक आकर्षक उपहारों के लिए किया गया है। उपहार वितरण समारोह में लक्की ड्रॉ के चयनित विजेताओं को सम्मानपूर्वक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। साथ ही मंडल द्वारा आयोजित नवीन लोगो डिजाइन प्रतियोगिता के विजेता रचनाकार को 2.50 लाख रुपये की पुरस्कार राशि भी प्रदान की जाएगी। समारोह में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी करेंगे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष श्री अनुराग सिंह देव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## रुंगटा स्कूल ऑफ़ फ़िल्म मीडिया में रंगौत्सव फ़िल्म फेस्टिवल 2026 का भव्य समापन, विधायक अनुज शर्मा शामिल हुए



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज रुंगटा स्कूल ऑफ़ फ़िल्म मीडिया (RSFM), भिलाई द्वारा रंगौत्सव फ़िल्म फेस्टिवल 2026 का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित सांस्कृतिक और सिनेमाई महोत्सव में छत्तीसगढ़ी सिनेमा के सुपरस्टार और धरसीवाँ विधानसभा के माननीय विधायक अनुज शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का गरिमामय शुभारंभ मुख्य अतिथि और रुंगटा समूह के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री अनुज शर्मा ने विद्यार्थियों के हुनर की जमकर सराहना की। सिनेमा और कला के क्षेत्र में अपने लंबे अनुभवों को साझा करते हुए उन्होंने कहा, आज के दौर में सिनेमा सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज का आईना है। छत्तीसगढ़ की मिट्टी में कहानियों का अनमोल खजाना है, जिसे वैश्विक स्तर पर लाने की जिम्मेदारी आज की युवा पीढ़ी की है।

उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि फ़िल्ममेकिंग सिर्फ ग्लैमर की दुनिया नहीं है, बल्कि यह समाज को सकारात्मक बदलाव का संदेश देने का एक सशक्त जरिया है। उन्होंने रुंगटा स्कूल ऑफ फ़िल्म के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान स्थानीय युवाओं को विश्वस्तरीय मंच प्रदान कर रहा है। विधायक अनुज शर्मा ने रंगौत्सव जैसे आयोजनों को छत्तीसगढ़ी सिनेमा के भविष्य के लिए एक बेहतरीन मील का पत्थर बताया। उन्होंने रुंगटा प्रबंधन को इस शानदार आयोजन के लिए बधाई दी और सभी प्रतिभागी छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विधायक अनुज शर्मा ने युवाओं से भावुक अपील करते हुए कहा कि वे अपनी माटी, अपनी छत्तीसगढ़ी भाषा और यहाँ की समृद्ध संस्कृति को अपनी कला के माध्यम से वैश्विक पटल पर लेकर जाएं।

डिंपल्स कॉस्मेटिक सर्जरी द्वारा गालों में स्थायी डिंपल्स
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फोन : 9827143060/8871003060

25 वर्ष का अनुभव RIFCO TAX CONSULTANTS Since 1998
GST ITR
फाइल बनवाएं मात्र 500/-
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार हैं।
- Income Tax फाइल - GST रजिस्ट्रेशन - TDS Return
- CMA Data - MSME Registration - Balance Sheet
- प्रोजेक्ट रिपोर्ट-GST Return - फूड लाइसेंस
संपर्क : शेखर गुप्ता Whatsaap पर बनवाएं
WWW.ONLYTDS.COM
9300755544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354